



दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95


# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-42 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 23 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## नुकसान की भरपाई दंगाइयों से होगी, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाएंगे : सीएम फडणवीस का ऐलान





नागपुर (ए.) । नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक संपत्ति को जो भी नुकसान पहुंचा है, उसकी वसूली दंगाइयों से ही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि यदि वे नुकसान का भुगतान नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्तियां जब्त कर ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर की कार्रवाई भी की जा सकती है।फडणवीस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक इस मामले में 104 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे भी गिरफ्तारियां जारी रहेंगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी और बताया कि अब तक 68 ऐसी सोशल मीडिया पोस्टों की पहचान कर उन्हें डिलीट कर दिया गया है।मुख्यमंत्री ने इस हिंसा से जुड़े तमाम कयासों को खारिज करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच में किसी भी विदेशी ताकत या बांग्लादेशी लिंक की कोई भूमिका सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस हिंसा का कोई राजनीतिक कोण भी फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। फडणवीस ने खुफिया तंत्र की भूमिका पर सफाई देते हुए कहा कि इस घटना को खुफिया तंत्र की नाकामी नहीं कहा जा सकता, हालांकि सूचना तंत्र को और मजबूत किया जा सकता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में महिला पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ के दावों पर मुख्यमंत्री ने इन्हें अफवाह बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी जरूर हुई है, लेकिन किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की घटना सामने नहीं आई है।

### नागपुर हिंसा में पहली मौत, आईसीयू में भर्ती इरफान अंसारी ने तोड़ा दम, नौ इलाकों में छठे दिन भी कर्फ्यू जारी

नागपुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर में हाल ही में हुई हिंसक झड़पों के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इस हिंसा में घायल हुए एक व्यक्ति, इरफान अंसारी, की शनिवार को मौत हो गई। इरफान 17 मार्च को हुई हिंसा में गंभीर रूप से घायल हुए थे और तब से नागपुर के मेयो अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें घटना के दिन से ही आईसीयू में रखा गया था।इस हिंसा के बाद शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शुरू में 11 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया था। घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी, आज नागपुर शहर के नौ पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू जारी है। जिन क्षेत्रों में अभी भी कर्फ्यू लागू है, उनमें गणेशपेठ, कोतवाली, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, इमामवाड़ा और यशोधरानगर पुलिस थाना क्षेत्र शामिल हैं। गुरुवार को नागपुर पुलिस कमिश्नर ने दो थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया था।इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हिंसा के बाद पहली बार नागपुर पहुंचे।

### अब डबल सुरक्षा के घेरे से घिरा औरंगजेब का मकबरा, एएसआई भी सतर्क

औरंगाबाद,(ए.)। औरंगाबाद के पास खुल्दाबाद में मुगल शासक औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कुछ दिन पहले, एएसआई ने कब्र के चारों तरफ एक लोहे की चादर लगाई थी। अब, उन्होंने चादर और कब्र के चारों ओर लगी संगमरमर की जाली के बीच कांटेदार तार भी लगा दिए हैं।


एएसआई अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह एक संरक्षित स्मारक है और सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इसकी रक्षा करे। अगर किसी भी संरक्षित स्मारक को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो इससे देश के बारे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत संदेश जाएगा। संरक्षित स्मारक का मतलब है, सरकार द्वारा सुरक्षित रखी गई ऐतिहासिक इमारत।



राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में 'पर्पल फेस्ट दिल्ली 2025' की झलकियाँ। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु इस अवसर पर प्रस्तुति देती हुई।

### चंद्रयान-3 ने फिर किया कमाल

## चंद्रमा पर पानी और बर्फ की जगी उम्मीद



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा पर पानी और बर्फ की खोज की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। चंद्रमा की सतह तापीय भौतिकी प्रयोग (ChaSTE) के तहत विक्रम लैंडर द्वारा किए गए तापमान मापों ने चांद की उच्च अक्षांश वाली मिट्टी में पानी और बर्फ के संभावित जमाव की ओर इशारा किया है।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL) के वैज्ञानिक के दुर्गा प्रसाद ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि चंद्रमा पर पानी और बर्फ की उपस्थिति भविष्य में मानव जीवन और अन्वेषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चांद का तापमान न केवल पानी और बर्फ की मौजूदगी को निर्धारित करता है, बल्कि अन्य वैज्ञानिक पहलुओं को भी प्रभावित करता है। चंद्रयान-3 मिशन से प्राप्त यह नई जानकारी प्रतिष्ठित पत्रिका नेचर कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट में प्रकाशित हुई है। ChaSTE प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में 355K (82एC) तक तापमान दर्ज किया, जो कि अनुमानित 330K से 25K अधिक था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तापमान वृद्धि लैंडर के 6ए के स्थानीय ढलान पर सूरज की ओर झुके होने के कारण हुई।ChaSTE के अवलोकनों के आधार पर, अनुसंधान दल का मानना है कि 14ए से अधिक ढलान वाले बड़े ध्रुवीय क्षेत्रों में पानी और बर्फ के स्थायी भंडार मौजूद हो सकते हैं। इन क्षेत्रों में सौर विकिरण कम पहुँचता है, जिसके कारण तापमान भी कम रहता है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों और संभावित मानव निवास के लिए इन्हें अधिक उपयुक्त बनाता है।चांद पर पानी की खोज और उसके संभावित उपयोग को लेकर कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां उत्सुक हैं। चंद्रयान-3 से प्राप्त ChaSTE के यह परिणाम भविष्य के चंद्र मिशनों और चंद्रमा पर स्थायी मानव उपस्थिति की संभावनाओं को नई दिशा दे सकते हैं।

### जस्टिस वर्मा के बंगले में असामान्य कुछ भी नहीं, फिर भी उठ रहे सवाल

नई दिल्ली,(ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के बंगले पर



भारी मात्रा में नकदी मिलने की खबरों ने हलचल मचा दी है। इस मुद्दे पर वकीलों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जस्टिस वर्मा का अभी तबादला नहीं किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने कहा कि न्यायपालिका इस मामले को गंभीरता से ले रही है।सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील अरुण भारद्वाज ने मुख्य न्यायाधीश की बेंच के समक्ष इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने न्यायपालिका की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाने की अपील की। इसी के साथ भारद्वाज ने कहा कि यह केवल मेरा विचार नहीं है, बल्कि कई वकीलों की राय है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का इंदौर में बिहार स्थापना दिवस पर स्नेह मिलन समारोह में गजमाला से अभिनन्दन किया।

### अररिया में मारा गया मोस्ट वांटेड चुनमुन झा, मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मी घायल

अररिया (आरएनएस)। बिहार के अररिया जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ी पुलिस कार्रवाई हुई, जिसमें कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मुठभेड़ में मारा गया। यह एनकाउंटर नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास रात करीब 2:30 बजे हुआ। पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम चुनमुन झा को पकड़ने गई थी, जो लूटपाट की कई घटनाओं में वांछित था। मुठभेड़ में चुनमुन की मौत हो गई, जबकि छह पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।पुलिस के मुताबिक, चुनमुन झा पलासी गांव का रहने वाला था और उसका असली नाम विनोद झा उर्फ फतन झा था। वह आरा और पूर्णिया के तनिष्क शोरूम लूटकांड सहित कई बड़ी वारदातों में शामिल था।


## अगले पांच दिनों में बढ़ेगा तापमान

### इन राज्यों में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। मौसम विभाग ने आज पूर्वोत्तर भारत और उससे सटे मध्य भारत के राज्यों में भारी बारिश, आंधी तूफान और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, देश के ज्यादातर हिस्सों में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

पिछले 24 घंटों की बात करें तो ओडिशा, तमिलनाडु और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश हुई। इसके अलावा, विदर्भ, गांगेय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में ओले भी गिरे।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 22 मार्च को पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और केरल में तेज हवाएं चलेंगी। छत्तीसगढ़,



आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और इंटीरियर कर्नाटक में आज और कल यानी 23 मार्च को तेज बारिश, आंधी तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। झारखंड, ओडिशा, दक्षिण तमिलनाडु, केरल और माहे में आज भारी बारिश की संभावना है।

इसके अतिरिक्त, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और दक्षिण इंटीरियर कर्नाटक में आज ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। अरुणाचल प्रदेश में अगले पांच दिनों तक बारिश, बिजली और आंधी तूफान की चेतावनी दी गई है। असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना और इंटीरियर कर्नाटक में अगले तीन से चार दिनों के दौरान बारिश होने की संभावना है।उत्तर पश्चिम भारत के मौसम की बात करें तो अगले एक दिन के बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है। मध्य भारत में भी धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

## महिला ने यहां छिपा रखा था ड्रग्स, मेडिकल कराने के बाद पुलिस भी रह गई हैरान



बेंगलुरु (आरएनएस)। बेंगलुरु में पुलिस ने लाखों रुपये मूल्य की मेथिलीनडाइऑक्सीमेथामफेटामाइन (एमडीएमए) की तस्करी के आरोप में 34 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला की पहचान अनिला रवींद्रन के रूप में हुई है, जो अंचालुमूदु की रहने वाली है। उसे शुक्रवार शाम शक्तिकुलंगरा पुलिस और कोल्लम शहर पुलिस जिला मादक-द्रव्य निरोधक विशेष कार्य बल की एक संयुक्त टीम ने हिरासत में लिया।पुलिस ने बताया कि अनिला बेंगलुरु से एक कार में यात्रा कर रही थी। नींदकरा पुल के पास पुलिस ने उसके वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अंततः कार को रोका गया और तलाशी के दौरान लगभग 90 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया।पुलिस ने आगे बताया कि शुरू में कार से 50 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। बाद में, चिकित्सकीय जांच के दौरान महिला के निजी अंगों में छिपाकर रखा गया लगभग 40 ग्राम एमडीएमए भी बरामद किया गया।





## पटना में राबड़ी आवास के बाहर फिर से लगे पोस्टर, सीएम नीतीश कुमार को बताया खलनायक





पटना (आरएनएस)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर शनिवार को फिर से सीएम नीतीश कुमार को लेकर पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में लिखा गया, नायक नहीं, खलनायक हूं मैं। पोस्टर में स्पष्ट रूप से यह भी लिखा है, हां, मैंने किया है महिलाओं का अपमान, गांधी जी का किया है अपमान, अब हो गया है राष्ट्रगान का अपमान।पोस्टर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के विधायक गोपाल मंडल और भाजपा विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल को दिखाया गया है। इससे पहले भी बिहार में कई बार ऐसे पोस्टर सामने आए हैं जो राजनीतिक पारा बढ़ाते रहे हैं। शुक्रवार को भी राबड़ी देवी के आवास के बाहर ऐसे पोस्टर लगे थे, जिसमें नीतीश कुमार को लेकर तंज किया गया था।

शुक्रवार को लगे पोस्टर में लिखा गया था- यह सरकार धृतराष्ट्र की सरकार है। पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कुर्सी कुमार के रूप में संबोधित किया गया है।

राजद ने आरोप लगाया कि बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और यह स्थिति 18 वर्षों से सत्ता में काबिज एनडीए सरकार के कारण बनी है। पोस्टर में महिलाओं के खिलाफ हो रहे जघन्य अपराधों का भी जिक्र किया गया है, जिसमें विशेष रूप से नालंदा में एक महिला के पैरों में छह कील ठोकने जैसी क्रूर घटनाओं का उल्लेख है।

इसके अलावा, राजद ने नीतीश कुमार की सरकार को 20 साल पुरानी खटारा सरकार और निकम्मी भाजपा-जदयू सरकार बताया है। आंकड़ों का हवाला देते हुए, राजद ने दावा किया कि नीतीश सरकार के तहत बिहार में 60,000 हत्याएं और 25,000 बलात्कार की घटनाएं हुई हैं।

### गाजियाबाद : ससुर की हत्या करने वाली बहू गिरफ्तार, लगाया गलत नीयत रखने का आरोप

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद के गोविंदपुरम इलाके में एक घर के अंदर वृद्ध व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में



सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया है कि हत्या मृतक की बहू ने ही की थी। बहू ने आरोप लगाया है कि ससुर उसके ऊपर गलत नीयत रखता था। ससुर की हत्या क्रिकेट बैट से पीट-पीटकर की गई थी। इस हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मृतक के घर में रह रहे किराएदार से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

### बीजेपी नेता ने अपनी ही पत्नी व तीन बच्चों को मारी गोली, तीनों की मौत; पत्नी की हालत गंभीर

सहारनपुर (आरएनएस)। सहारनपुर में भाजपा के नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। हमले में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेटे शिवांश, देवांश और बेटी



श्रद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। वहीं, पुलिस की निगरानी में भाजपा नेता की पत्नी का इलाज कराया जा रहा है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को अरेस्ट कर लिया है। जिनकी पहचान सहारनपुर जिला कार्यकारिणी के सदस्य योगेश रोहिल के रूप में हुई है। कहा जा रहा है कि वह काफी समय से मानसिक रूप से बिमार चल रहे थे। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इस वारदात की कोई ठोस वजह नहीं बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सहारनपुर के गंगोह इलाके के सांगाथेड़ा गांव में रहने वाले भाजपा नेता द्वारा इस वारदात की सूचना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि वारदात के बाद खुद योगेश रोहिल्ला ने ही पास पड़ोस को घटना की जानकारी दी।



# सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन व्यवस्था से जन-जन को अवगत कराना है विक्रमोत्सव का उद्देश्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## विक्रमोत्सव के 12-13-14 अप्रैल को नई दिल्ली में होंगे कार्यक्रम, राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु, प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आमंत्रित

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय ज्ञान परम्परा से "विरासत से विकास'' के ध्येय को देश में साकार कर रहे हैं। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का शासन ही सुशासन की मिसाल स्थापित करता है। प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में विक्रमोत्सव अंतर्गत हो रहे कार्यक्रम सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनकी शासन व्यवस्था से जन-जन को प्रेरित कराने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के संबंध में नई दिल्ली में मीडिया के लिए जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरूषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य का संपूर्ण भारत के साथ ही विश्व में आदर



के साथ स्मरण किया जाता है। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर 2082 वर्ष पहले विक्रम संवत का प्रवर्तन किया गया था। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को "सिंहासन बत्तीसी'' कहा जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने गणराज्य की स्थापना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का क्रियान्वयन आरंभ किया। साथ ही जनता के लिए जवाबदेह नवरत्नों का मंत्री-मंडल गठित कर ऐसी व्यवस्था की जिसमें राजा नहीं बल्कि नौ मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों का शासन द्वारा क्रियान्वयन किया जाता था। सुशासन के लिए वर्तमान में क्रियान्वित मापदंड सम्राट विक्रमादित्य के काल की याद दिलाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर राशि देकर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहित किया और हर व्यक्ति के लिए आशियाने की बात कही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी शहरी हो या गरीब सभी के लिए पक्के मकान की व्यवस्था के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उनके द्वारा बिना ब्याज के धन राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा, न्यायप्रियता प्रत्येक क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए सम्राट विक्रमादित्य का काल और आज के इस काल में अनेकों समानताएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण का एक माध्यम है। सम्राट विक्रमादित्य का व्यक्तित्व और शासन पद्धति, विभिन्न पक्ष हैं।

# रिश्वत कांड में फंसे टीआई को हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**- एएसआई ने मुझे फंसाने के लिये झूठा नाम लिया,**
**- निचली अदालत ने पुलिस की आपत्ति पर कर दी थी खारिज**

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाने में पूर्व में पदस्थ और अभी संस्पैंड होने के बाद अन्य आरोपियो के साथ फरार चल रहे एएसआई पवन रघुवंशी पर रिश्वत के 4.94 लाख रुपए घर में रखने के आरोप हैं।



रिश्वत खोरी का यह मामला फर्जी कॉल सेंटर के भाडांफोड़ होने के बाद एक आरोपी को बचाने के लिये किया गया था। इस मामले में हुई एफआईआर में पवन सहित दो अन्य पुलिसकर्मी और ऐशबाग थाने के ही निलंबित टीआई जितेंद्र गढ़वाल को आरोपी बनाया गया है। फिलहाल टीआई को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए उन्हें जमानत का लाभ दे दिया है। हाईकोर्ट जज मनिंदर एस भट्टी की कोर्ट ने उनको अग्रिम जमानत का लाभ दिया है। इधर केस के मुख्य आरोपी एएसआई पवन रघुवंशी अब भी फरार है। उसके साथ एएसआई मनोज सिंह और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य आरोपी मोइन अंशुल पार्षद भी फरार हैं। इससे पहले निचली अदालत ने सुनवाई होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद निलंबित टीआई जितेंद्र गढ़वाल हाईकोर्ट की शरण में पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार आरोपी टीआई जितेंद्र गढ़वाल की ओर से उनके वकील ने अग्रिम जमानत पाने के लिये तर्क दिए थे। की पवन लाइन हाजिर होने के बाद भी कई अहम केसों की डायरियां अपने साथ ले गया था। उसका संदिग्ध आचरण देख जितेंद्र गढ़वाल ने डीसीपी जोन-1 को गोपनीय पत्र के माध्यम से उसके संदिग्ध आचरण की जानकारी दी थी।

# हॉटलाइन मेंटेनेन्स करने वाले कर्मियों का भत्ता हुआ दोगुना



भोपाल (निप्र) ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी (एम.पी. ट्रांसको) में एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों एवं सब-स्टेशनों का हॉटलाइन पद्धति से बिना शट-डाउन लिये मेंटेनेन्स जॉब/ऑपरेशन करने वाले कर्मियों के भत्ते में दोगुनी बढ़ोतरी की गई है। साथ ही प्रति ऑपरेशन के लिये दिये जाने वाले भत्ते में भी दोगुनी वृद्धि कर दी गई है।

### 40 रुपये के स्थान पर मिलेगा अब 80 रुपए प्रति ऑपरेशन

भत्ता अब दोगुना मिलेगा। पहले यह 6 रुपये से 40 रुपये के मध्य मिलता था, अब यह 12 रूपये से 80 रुपये तक प्रति जॉब/ऑपरेशन के हिसाब से मिलेगा।

हॉटलाइन पद्धति के माध्यम से बिना शट-डाउन लिये एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का मेंटेनेन्स जॉब करने के लिये कार्मिक की सहमति आवश्यक होती है। एम.पी. ट्रांसको द्वारा उन कार्मिकों को बैंगलुरु के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से प्रशिक्षण दिलवाने के बाद ही वह जॉब/ऑपरेशन के लिये पात्र होता है। जॉब/हॉटलाइन ऑपरेशन अत्यंत जोखिम भरा होने के कारण कार्मिकों को यह भत्ता दिया जाता है।

### आदेश हुए जारी

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की पहल पर एम.पी ट्रांसको के कार्मिकों को हॉट लाइन मेंटेनेंस भत्ते में 2013 के बाद बढ़ोतरी की गई। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिये हैं।

### संविदा कार्मिको को भी मिलता है हॉट लाइन भत्ता

इसके पहले ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर ही एम.पी. ट्रांसको में कार्यरत संविदा कार्मिकों को भी हॉटलाइन मेंटेनेन्स प्रशिक्षण देकर उन्हें भी हॉटलाइन भत्ता दिया जाता है। पहले यह सिर्फ नियमित कार्मिकों के लिए लागू था।

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक पर सवार चार को मारी टक्कर, एक की मौत

**- कार जप्त घायलों का इलाज जारी**

भोपाल(ए)। देहात थाना क्षेत्र के ईटखेड़ी इलाके में स्थित लांबाखेड़ा ब्रिज के पास गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने दो बाइकसवार चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एक घायल की इलाज के दौरान अगले दिन मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर कार चालक को हिरासत में लेते हुए कार जब्त कर ली है। हादसे में घायल तीनो युवकों का इलाज जारी है। पुलिस से मिली जानकार के अनुसार शिव नगर करोंद में रहते गणेश साहू (50) गुरुवार रात अपनी बाइक पर दोस्त के साथ बैरसिया से ईटखेड़ी की तरफ आ रहे थे। रास्ते में लांबाखेड़ा ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इसके साथ ही कार चालक ने एक अन्य बाइक सवार दो युवकों को भी अपनी चपेट में लिया दोनो बाइको पर सवार चारो को टक्कर मारकर कार चालक वहां से फरार हो गया। हादसे में तीन लोगो को कम चोटें आई थी, जबकि गणेश गंभीर रूप से घायल हुआ था। सभी को इलाज के अस्पताल पहुंचाया गया जहां अगले दिन शुक्रवार को गणेश ने दम तोड़ दिया।

## नरेला होली मिलन उत्सव

# मंत्री श्री सारंग ने स्टेशन मंडल व महामाई मंडल के रहवासियों संग जमकर बरसाए फूल

### वसुधैव कुटुंबकम का भाव ही भारत को विश्व गुरु बनाता है : मंत्री विश्वास कैलाश सारंग



भोपाल(ए.)। नरेला विधानसभा के स्टेशन मंडल एवं महामाई मंडल (वार्ड 39 व 40) में शनिवार को होली मिलन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उत्सव में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री श्री सारंग ने समस्त नागरिकों को रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे त्यौहार और संस्कार ही हमारी आध्यात्मिक विरासत हैं, जो सनातन संस्कृति को सबसे अलग और विशिष्ट बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन दर्शन की वसुधैव कुटुंबकम की भावना ने भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया है।

समारोह के दौरान स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक भजनों और फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मंच से लेकर सभा स्थल तक हर ओर फूलों की छटा बिखरी रही। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे।

### नरेला परिवार : हर त्योहार का उल्लास, हर अवसर का उत्सव

अपने संबोधन में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि समरसता, भाईचारे और एकता का पर्व है। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा का प्रत्येक नागरिक एक परिवार के सदस्य के रूप में हर त्योहार को मिल-जुलकर उल्लास के साथ मनाता है। यही भावना नरेला को एक परिवार के रूप में स्थापित करती है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला में हर तीज-त्योहार को एक नई भव्यता के साथ मनाने की परंपरा है, जिससे क्षेत्र में स्नेह, सहयोग और आपसी विश्वास की भावना लगातार मजबूत हो रही है।

### नरेला विधानसभा में विकास के नये आयाम स्थापित किये

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि 2008 के पहले और आज की नरेला विधानसभा में अंतर स्पष्ट नज़र आता है। उन्होंने कहा कि हर घर नर्मदा जल की आपूर्ति, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम, चौड़ी सड़कों,संजीवनी क्लीनिक, शासकीय कॉलेज, फ्लाईओवर और सीएम राइज स्कूल जैसे विकास कार्यों की बदौलत नरेला आज अग्रणी विधानसभा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और नरेला को सबसे विकसित विधानसभा बनाने के लिए हम सतत कार्यरत हैं।

### पांचवीं और आठवीं की कॉपी जांचने का काम 80 प्रतिशत पूरा

भोपाल(ए.)। प्रदेश के पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल के दूसरे सप्ताह में घोषित होने की संभावना है। प्रदेश भर के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 25 लाख विद्यार्थी परिणाम के इंतजार में है।

यह परिणाम 30 मार्च को आना था, लेकिन अब तक 80 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हुआ है। मूल्यांकन कार्य 24 मार्च तक समाप्त करना था। अब तीन दिन शेष है। ऐसे में मूल्यांकन कार्य पूरा होना संभव नहीं है।

वहीं शिक्षक मूल्यांकन केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम नहीं पूरा हो पा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र ने जो समय-सारिणी तय किया था। उसके हिसाब से मार्च के अंत तक पांचवीं व आठवीं का परिणाम आना था, लेकिन अब तक 20 फीसद उत्तरपुस्तिकाओं को जांचना बाकी है।निजी स्कूलों के अंग्रेजी माध्यम के चार लाख विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने के लिए सरकारी स्कूल में शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। इस कारण निजी स्कूलों के शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है।

# इकोलॉजिकल पार्क और कलियासोत डैम के पास जंगल में लगी आग

## दर्जनो दमकलो और फायर फायटरो की मदद से घंटो बाद पाया काबू



भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल के लहारपुर स्थित इकोलॉजिकल पार्क में आग लगने से हरियाली का बड़ा नुकसान हुआ है। बड़ी संख्या में लगे पौधे आग की चपेट में आकर झुलस गए। शुक्रवार देर रात लगी आग हालांकि कुछ घंटो बाद ही काबू पा लिया गया था, लेकिन शनिवार सुबह तक छोटी-मोटी आग नजर आई थी, जिसे यहाँ रोजाना सैर करने आने वाले लोगो ने बुझाया। गौरतलब है की 1500 हेक्टेयर एरिया में फैलै वन विभाग के इकोलॉजिकल पार्क में शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 1 बजे अचानक आग लग गई। आसपास के रहवासियो से मिली सूचना पर रात में ही आसपास के फायर स्टेशन से दमकलो सहित फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरु कर दिये। फायर फायटरो के सामने बड़ी चुनौती आग पर काबू पाने के साथ ही उसे फैलने से रोकने की भी थी, क्युकिं हवा से आग अन्य पेड़ो को अपनी चपेट मे लेकर तेजी से बढ़ रही थी। आग को फैलने से रोकते हुए टीम ने आखिरकार तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आसपास के लोगो का कहना है की पार्क में कचरा फैला रहता है, जिसपर नगर निगम और वन विभाग ध्यान नहीं देते। इसी कचरे में आग लगी जिसकी चपेट में आकर यहॉ लगे सैकड़ों छोटे पौधे झुलस गए। इससे पहले कलियासोत डैम किनारे जंगल में भी शुक्रवार शाम को आग लग गई थी। जिस पर 15 दमकलों की मदद से 50 फायर फायटरो द्वारा करीब 4 घंटो बाद काबू पाया जा सका। कोलार फायर स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार शाम सवा 5 बजे पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के पीछे झाड़ियों में आग लगने की खबर मिली थी। तेज हवा चलने से आग फैलती गई। माता मंदिर और कोलार फायर स्टेशन से 3 दमकलें मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने तेजी से फैलती आग को देखते हुए फतेहगढ़ और पुल बोगदा स्टेशनों से भी दमकलें और पानी के टैंकर बुलाये गये। दमकल और पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# 30 साल से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए संचालित निरोगी काया अभियान में डेढ़ लाख लोगों की हुई स्क्रीनिंग



भोपाल (निप्र) ।असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए चलाए जा रहे निरोगी काया अभियान के तहत भोपाल में अब तक एक लाख 55 हजार 373 लोगों की उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग हुई है, जबकि एक लाख 45 हजार 653 लोगों की डायबिटीज की जांच की गई है। 31 मार्च तक चलने वाले इस विशेष अभियान में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज, ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल स्क्रीनिंग की जा रही है। ये स्क्रीनिंग आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, सिविल डिस्पेंसरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों एवं जिला पर की जा रही है। हितग्राहियों की जांच और उपचार की रिपोर्ट एनसीडी पोर्टल में दर्ज की जा रही है। अभियान में अब तक 12139 लोगों में उच्च रक्तचाप और 13648 में डायबिटीज पाई गई है। इन लोगों को अभियान के दौरान ही पहली बार हाइपरटेंशन और डायबिटीज का पता चला। चिह्नित रोगियों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं से प्रारंभ किया गया है। दवाइयों के साथ-साथ जीवन शैली में परिवर्तन, खानपान एवं व्यायाम की सलाह भी दी गई है। 46226 लोगों में नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग की गई है, इनमें से 11261 लोगों में प्रारंभिक लक्षण मिले हैं। अभियान के दौरान जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं और फील्ड में पहुंचकर दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली जा रही है। नए मरीजों की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सीबैक फॉर्म में जानकारी इकट्ठे की जा रही है। सीबैक फॉर्म से प्राप्त जानकारी के आधार पर असंचारी रोग स्क्रीनिंग एवं पंजीयन किया जा रहा है।

अभियान में स्क्रीनिंग के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न बीमारियों के लक्षण, उससे बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान की जानकारी देकर लोगों की जांच करवाई जा रही है। जिन लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है, उनकी रिस्क्रीनिंग करवाई जा रही है। संतुलित आहार, बेहतर खानपान, नियमित योग, प्राणायाम तथा व्यायाम करने की सलाह भी दी जा रही है।





**भोपाल। भोपाल चेम्बर ऑफ कामर्स के होली मिलन समारोह स्वागत गार्डन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम दौरान सांसद आलोक शर्मा, भोपाल चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष तेजकुल सिंह पाली, दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप के प्रधान सम्पादक के.के.सक्सेना जी एवं डायरेक्टर विलक्षण सक्सेना जी।**



भोपाल। रॉयल प्रेस क्लब होली मिलन समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें दैनिक क्षितिज किरण के प्रधान सम्पादक श्री के.के. सक्सेना, डायरेक्टर श्री विलक्षण सक्सेना, भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भाजपा नेता दुर्गेश केशवानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला डॉक्टर की संदिंग्ध मौत का मामला, परिजनो ने लगाये पति पर प्रताड़ित करने के आरोप

भोपाल(ए)। शहर के शाहपुरा थाना इलाके में रहने वाली 25 वर्षीय नवविवाहिता महिला डॉक्टर की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने के मामले में मृतका के परिवार वालो ने पति पर प्रताड़ित करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाये है। हादसे की खबर मिलने पर पीएम कराने और बेटी का शव लेने लखनऊ से उनके परिजन राजधानी पहुंचे थे। लेडी डॉक्टर रिचा की मॉ रेनू पांडे और पिता विनोद चंद्र पांडे का आरोप है, कि दामाद डॉ. अभिजीत पांडे ने ही उनकी बेटी की हत्या की है। परिजनो का यह भी आरोप हैश, की शादी के थोड़े दिनो बाद से ही दामाद का व्यवहार उनकी बेटी के लिये बदल गया था, और वह दहेज में मकान दिलाने की मांग करता था। परिजनो के अनुसार नई-नई शादी होने के बाद भी दामाद बेटी का ध्यान नहीं रखता था, ओर कई बार चार-पांच दिन के लिये बिना बताये ही घर से अलग बाहर कहीं रहता था। जब रिचा उससे इस संबध में बात कर बताने को कहती तब वह उसे कुछ नहीं बताता। इन बातों को लेकर उनकी बेटी परेशान रहती थी। परिवार वालो का कहना है कि रिचा ने कई बार फोन पर अभिजीत की हरकतो के बारे में बताती थी।

# एमवाय हॉस्पिटल को मिली हाईटेक मशीन, न्यूरो और हड्डी सर्जरी अब होगी आसान

इंदौर (ए.)। एमवाय हॉस्पिटल में न्यूरो और हड्डी रोग से संबंधित ऑपरेशन अब और भी आसान हो जाएगा। अस्पताल को दो नई एडवांस एक्स-रे इमेजिंग मशीनें मिल गई हैं, जिससे ऑपरेशन थिएटर में सुविधाएं बढ़ जाएंगी। इन हाईटेक एक्स-रे मशीनों की कई खूबियां हैं, लेकिन दो विशेषताएं इसे और खास बनाती हैं। यह मशीनें मरीजों के इलाज के साथ-साथ डॉक्टरों और सर्जनों के लिए भी बेहद फायदेमंद साबित होंगी।




**मोबाइल यूनिट से लैस हाईटेक एक्स-रे मशीन**

नई एक्स-रे मशीन मोबाइल यूनिट से लैस है, जिसका वजन करीब 400 किलोग्राम है। हालांकि, इसमें लगे पहियों की मदद से इसे ऑपरेशन थिएटर सहित अस्पताल के किसी भी हिस्से में आसानी से ले जाया जा सकता है। इसके अलावा, इस मशीन के एक्स-रे कैमरे को 180 डिग्री के एंगल तक मूव किया जा सकता है, जिससे डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान अलग-अलग दिशाओं से स्पष्ट इमेज प्राप्त कर सकते हैं। इस मशीन का डिज़ाइन अंग्रेजी अक्षर "C" के आकार का होने के कारण इसे सी-आर्म मशीन कहा जाता है।

**बेंगलुरु की कंपनी से खरीदी गई उन्नत मशीनें**

मीडिया प्रभारी डॉक्टर मनीष गोयल ने बताया कि ये मशीनें बेंगलुरु की प्रसिद्ध आलेन्जर्स कंपनी से खरीदी गई हैं। सामान्यत: एक मशीन की कीमत लगभग 10 लाख रुपये होती है। इस हिसाब से दोनों मशीनों की कुल लागत 20 लाख रुपये आई, लेकिन ऑपरेशन थिएटर में इंस्टॉलेशन की फीस जोड़कर कुल खर्च लगभग 25 लाख रुपये हुआ है। इन उन्नत मशीनों को अस्पताल में शामिल करने से इलाज में आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा।

## बाघों की बढ़ती संख्या से लोगों को पसंद आ रहा माधव टाइगर रिजर्व, दस दिन में पहुंचे 411 पर्यटक

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क को नौवां टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। यहां पर लाए गए टाइगरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आने लगे हैं। अच्छी बात यह है कि बीते 10 दिन में 411 पर्यटक यहां पर टाइगरों का दीदार करने के लिए आए। हालांकि अभी कुछ ही पर्यटकों को टाइगर के दीदार हुए हैं। एक पर्यटक ने तो टाइगर को अपने कैमरे में शिकार करते हुए कैद कर लिया। इसका फोटो भी वायरल हुआ। वहीं, इस पर्यटक ने टाइगर रिजर्व प्रबंधन को



पार्क घूमने के दौरान हुए अनुभवों से अवगत कराया। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का कहना है कि अब बाघों की संख्या बढ़ने से सैलानियों की भी संख्या बढ़ने लगी है।

**पार्क में हुए छह टाइगर**

इस समय पार्क में कुल छह टाइगर हैं। कुछ दिन पहले सीएम मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां पर एक मादा बाघ को छोड़ा था। इस मादा बाघ को पार्क में छोड़े जाने के बाद अब पार्क में बाघों की संख्या 6 हो गई है। शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान में दो साल पहले भी तीन टाइगर लाए गए थे, जिसमें दो मादा टाइगर और एक नर टाइगर लाया गया था। एक मादा टाईगर ने यहां पर दो शावकों को जन्म दिया है। इस तरह से अब यहां पर बाघों की संख्या 6 हो गई है।

## कब्रिस्तान के लिए जमीन देने को क्यों मजबूर हुए संत? अब आश्रम छोड़ जा रहे हिमालय



उज्जैन (ए.)। उज्जैन के पास खाचरौद स्थित मां बगलामुखी मंदिर के पीठाधीश संत स्वामी कृष्णानंद महाराज ने अपना आश्रम छोड़ने का मन बना लिया है। कृष्णानंद महाराज ने मंदिर से लगी हुई अपने नाम की करीब तीन बीघा जमीन भी कब्रिस्तान को देने का फैसला किया है। बताया गया कि संत कृष्णानंद ग्राम लेकोडिया की गोशाला से 498 गोवंश के लापता होने से दुखी हैं। इस मामले की न्यायिक जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर वे कई दिनों से आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने जमीन दान कर आश्रम छोड़ने का फैसला लिया है। वे 23 मार्च को सुबह 4:45 बजे हिमालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भाजपा नगर अध्यक्ष मिश्रा रोजा इफ्तार पार्टी पर बोले- धार्मिक आयोजन कार्यालय पर नहीं होते

इंदौर (ए.)। इंदौर में भाजपा के नवागत अध्यक्ष सुमित मिश्रा का रोजा इफ्तार पार्टी को लेकर आया बयान चर्चा में है। उनके इस बयान को कांग्रेस ने भी आड़े हाथों लिया है। मिश्रा ने मीडिया के सवाल पर कहा कि भाजपा कार्यालय में रोजा इफ्तार पार्टी नहीं होगी, सीधा सवाल है नहीं होगी। इसके बाद कांग्रेस नेता अमीनुल खान सूरी ने सोशल मीडिया पर मिश्रा के बयान को पोस्ट कर लिखा कि जब गंजे को कंघी मिल जाती है तो वह खुजा-खुजा कर सिर से खून निकाल लेता है।



एक आयोजन के दौरान मिश्रा ने अपने बयान को लेकर स्पष्टीकरण दिया कि भाजपा कार्यालय में शनिवार को बिहार दिवस मनाया जा रहा था। यह किसी समाज का आयोजन नहीं है। शुक्रवार को किसी ने रोजा इफ्तार के बारे में पूछा था तो मैने कहा था कि हमारे भाजपा कार्यालय में धर्म विशेष के कार्यक्रम नहीं होते, इसलिए कहा था कि रोजा इफ्तारी नहीं होगी। भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता के आयोजन करती है। कार्यालय में धार्मिक आयोजन नहीं होते।

पोस्टर हटवाए सड़कों से भाजपा नगर अध्यक्ष मिश्रा ने शनिवार को कहा कि उनके कुछ पोस्टर शहर में लगे थे। इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू हो गया है। मैंने मेयर पुष्य मित्र भार्गव को फोन लगाकर पोस्टर बैनर हटाने के लिए कहा था। इसके बाद नगर निगम ने सड़कों से पोस्टर-बैनर हटा दिए।

## भतीजों ने बुजुर्ग चाचा को डंडों से बुरी तरह पीटा, इलाज के दौरान मौत, मारपीट का वीडियो वायरल

टीमकगढ़ (ए.)। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के सूरजपुर गांव में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर गांव में 60 वर्षीय गोरेलाल लोधी को खरगापुर से घर लौटते समय उसके भतीजों ने रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा।

## चौरई के प्रतिष्ठित डॉक्टर ने की आत्महत्या, स्टेटस पर पोस्ट किया सुसाइड नोट और महिला की तस्वीर

छिंदवाड़ा (ए.)। चौरई शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर जगदीश चंद्र शर्मा (जे.सी. शर्मा) की आत्महत्या ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। बीती रात उन्होंने जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या से पहले 8 पन्नों का एक सुसाइड नोट लिखा और उसे अपनी व्हाट्सएप स्टोरी पर पोस्ट किया। साथ ही एक महिला की तस्वीर भी साझा की। घटना की जानकारी होते ही पहले तो डॉक्टर शर्मा को गंभीर हालत में चौरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उनकी स्थिति बिगड़ती देख उन्हें छिंदवाड़ा के क्लेरिस हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



**सुसाइड नोट में क्या है?**

डॉक्टर शर्मा के इस कदम के पीछे की असली वजह सुसाइड नोट में छिपी हो सकती है। हालांकि पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है और जांच जारी है। सूत्रों के मुताबिक इस नोट में निजी जीवन से जुड़े कुछ अहम खुलासे किए गए हैं, जिससे मामले में नया मोड़ आ सकता है।

# दोस्त की गोली की शिकार हुई भावना की हो चुकी थी शादी,पति ने छोड़ दिया था



इंदौर (ए.)। इंदौर के महालक्ष्मी नगर में दोस्त की गोली का शिकार हुई भावना सिंह की हत्या के आरोपी इंदौर में कार छोड़कर बाइक से भागे है। उनकी तलाश में पुलिस टीम अलग-अलग जगह रवाना हुई है। उधर उसके परिवार में कोई नहीं है। हत्या की खबर मिलने के बाद ग्वालियर से उसका एक मुंहबोला भाई इंदौर आया है। उसने ही भावना का इंदौर में अंतिम संस्कार किया। भावना के बारे में पुलिस को पता चला कि दस साल पहले उनके माता-पिता का निधन हो चुका है।

वह अपनी दादी के पास रहती थी। बाद में उसकी ग्वालियर में ही शादी हो गई थी, लेकिन पति से उसकी अक्सर अनबन होती थी, इसलिए पति ने उसे छोड़ दिया था। कुछ समय तक भावना ने ग्वालियर में क्लाउड किचन चलाया और ब्यूटीपार्लर का कोर्स करने इंदौर आ गई थी। यहां आने के बाद दतिया निवासी आशु यादव से उसकी मित्रता हो गई थी। आशु ही उसे महालक्ष्मी नगर के मकान में हुई पार्टी में ले गया था। आपको बता दें कि इंदौर में एक फ्लैट के दौरान ग्वालियर निवासी भावना सिंह की आंख में गोली लगने के कारण मौत हो गई। घायल अवस्था में भावना को उसके दोस्त बांबे अस्पताल लाए थे और फिर उसे छोड़कर भाग गए।

**भाई ने आरोप लगाया-पुलिस की जांच धीमी**

भावना सिंह का मुंहबोला भाई पंकज ठाकुर इंदौर आया। वह एक स्वयंसेवी संगठन से जुड़ा है। भावना वहीं उससे मिली थी और भावना ने उसे राखी बांधी थी। पंकज ने कहा कि भावना अनाथ है, इसलिए पुलिस की जांच धीमी है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उधर पुलिस अफसरों का कहना है कि पुलिस तीन आरोपियों की तलाश कर रही है। पार्टी में उनके साथ एक स्वस्ति नामक युवती भी थी। वह भी अस्पताल आई थी, लेकिन घटना के बाद से फरार है। पता चला है कि आरोपी कार निपानिया क्षेत्र में छोड़कर बाइक से रवाना हुए है। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। आखिरी बार लोकेशन उनकी रिंग रोड पर मिली थी। उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम ग्वालियर रवाना हुई है।

**घर से तोड़ दिया था भावना ने नाता**

मृतक युवती भावना सिंह की दादी ने कहा है कि भावना परिवार को 10 साल पहले ही छोड़कर चली गई थी।उन्होंने बताया है कि भावना के माता-पिता की डेथ एक हादसे में हो गई थी, उसका पालन पोषण उसकी दादी ने किया था। दादी ने बताया कि जब वह दसवीं में पढ़ती थी तो स्कूल से ही गायब हो गई और उसके बाद घर नहीं लौटी। दादी ने बताया है कि उनकी अक्सर भावना की बात होती थी,लेकिन वह किसके साथ रह रही है, कहां रह रही है, यह नहीं बताती थी,जब भावना घर छोड़कर गई थी,तो लगभग दो-तीन साल तक वह परेशान रहे, ढूंढते रहे,जिससे उनकी काफी बदनामी हुई और उसके बाद से उससे नाता तोड़ दिया था।

## व्यापार समाचार

# ट्रंप के शुल्क से भारतीय आईटी क्षेत्र में मंदी की आशंका, लाखों नौकरियां खतरे में

जयपुर ,(आरएनएस) भारत का आईटी उद्योग, जो अर्थव्यवस्था, रोजगार और निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, अमेरिका द्वारा संभावित शुल्क के प्रभाव के लिए तैयार हो रहा है। भारत के आईटी उद्योग में बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) शामिल है। बीपीओ सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं (आईटीईएस) उद्योग का हिस्सा है और भारत इस क्षेत्र में अग्रणी है। बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) का अर्थ है कंपनी के कार्यों के एक हिस्से को किसी तीसरे पक्ष को आउटसोर्स करना। बीपीओ को उप-अनुबंध भी कहा जाता है। इसका उपयोग विभिन्न कार्यों के लिए किया जाता है, जैसे कि ग्राहक सेवा, पेरोल, बिलिंग, बीमा दावा प्रसंस्करण, आदि। बीपीओ का उपयोग विभिन्न उद्योगों में किया जाता है, जैसे कि विनिर्माण, ई-कॉमर्स, स्वास्थ्य सेवा और वित्त।

व्यापार अनुमानों के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी और बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (आईटी-बीपीएम) क्षेत्र ने देश के 4.27 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 7.5 प्रतिशत का योगदान दिया। ट्रम्प ने पहले ही भारत के इस्पात और एल्यूमीनियम उद्योग पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है और अमेरिकी राष्ट्रपति 2 अप्रैल से अधिक वस्तुओं और वस्तुओं पर शुल्क लगाने की संभावना है, जिसकी उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के खिलाफ पारस्परिक शुल्क लगाने की बात कही है। उनके अनुसार, भारत दुनिया के सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है, ट्रम्प ने बुधवार को रूढ़िवादी मीडिया आउटलेट ब्राइटबार्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा।



आईटी क्षेत्र में रुचि रखने वाले भारतीय उद्यमी अजय डाटा ने कहा, आने वाले महीनों में अमेरिका में मंदी की संभावना बढ़ रही है। यदि शुल्क मंदी के साथ गहरा होता है, तो भारत के सबसे तेजी से बढ़ते व्यवसाय पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका द्वारा शुल्क लगाने से भारत का आईटी उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा। भारत के कुल निर्यात में आईटी उत्पादों और इंजीनियरिंग वस्तुओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। ऐसी स्थिति में, शुल्क के कारण आईटी क्षेत्र की वृद्धि लगभग नीचे चली जाएगी, डाटा ने कहा। भारत का आईटी उद्योग हर साल 280 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात करता है। साथ ही, यह देश में लाखों लोगों के लिए रोजगार भी पैदा करता है। व्यापार अनुमानों के अनुसार, दक्षिण एशियाई देश में उद्योग में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 54 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। डाटा ने आगे कहा, भारत के आईटी उद्योग के निर्यात आदेशों का एक बड़ा हिस्सा, लगभग 50-55 प्रतिशत, अमेरिका से आता है। ऐसी स्थिति में, यदि ट्रम्प की शुल्क नीति लागू की जाती है, तो यह भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों की लागत में वृद्धि करेगा। इससे इस क्षेत्र के निर्यात पर असर पड़ेगा और नौकरियों में भी मुश्किलें आएंगी।

भारत के प्रमुख आर्थिक दैनिक, इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) ने आईटी आउटसोर्सिंग विशेषज्ञ पारीक जैन के हवाले से कहा कि इस क्षेत्र की कंपनियों में अमेरिका में मंदी की संभावना और ट्रम्प की शुल्क नीति को लेकर डर है। इससे उनकी दीर्घकालिक और मध्यम अवधि की योजनाएं चुनौतीपूर्ण हो रही हैं। ईटी द्वारा उद्धृत एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के प्रमुख अमित चड्ढा का कहना है कि कई आईटी कंपनियां वर्तमान में शुल्क युद्ध के संबंध में %प्रतीक्षा और देखें की स्थिति में हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल से मार्च) में, इस क्षेत्र की समग्र वृद्धि लगभग 6 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो 2024-2025 के दौरान देश की 6.3-6.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान से थोड़ा कम होगा। साथ ही, आईटी उद्योग दुनिया में बड़े बदलाव देख रहा है। मशीन लर्निंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा विश्लेषण का काम बढ़ रहा है। यहां भारत की प्रतिस्पर्धा ज्यादातर चीन से है। इसलिए, यदि इस क्षेत्र में परिवर्तन होता है, तो यह देश के आईटी क्षेत्र को लंबे समय तक प्रभावित करेगा।

## आप भी अपने वीआई नंबर को करना चाहते है जीओ में पोर्ट, ये है आसान तरीका

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आप भी वोडाफोन आईडिया नंबर को जीओ में आसानी पोर्ट करने का सोच रहे हैं? तो चलिए बताते हैं कि आपको नंबर को पोर्ट करने के लिए किस नंबर पर मैसेज करना है और नंबर पोर्ट करने का पूरा प्रोसेस क्या है?

बता दें कि VI 5G सर्विस को मुंबई में शुरू कर दिया गया है, कंपनी धीरे-धीरे बाकी शबहों में भी जल्द 5जी सर्विस को शुरू कर सकती है। वोडाफोन आइडिया की सिम इस्तेमाल करने वाले कुछ लोग 5जी सर्विस न मिल पाने की वजह से तो वहीं कुछ लोग नेटवर्क में दिक्कत आने के कारण नंबर पोर्ट करवा लेते हैं।

**सबसे पहले पोर्ट रिक्वेस्ट भेजनी होगी**

आप नंबर पोर्ट करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सबसे पहले तो अपने नंबर से पोर्ट रिक्वेस्ट के लिए एक मैसेज भेजना होगा। मोबाइल नंबर पोर्ट करने से पहले आपको अपने नंबर से 1900 पर मैसेज भेजना होता है। मैसेज में कैपिटल अक्षरों में PORT लिखने के बाद स्पेस देकर अपना मोबाइल नंबर लिखकर मैसेज पड़ता है। उदाहरण: PORT 1234567890 (नंबर) लिखकर मैसेज भेज दें, आपको यहां वो नंबर डालना है जिसे आप पोर्ट करना चाहते हैं।

**यूनिक पोर्ट कोड होगा रिसीव**

जैसे ही 1900 पर मैसेज भेजेंगे आप लोगों को एक मैसेज रिसीव होगा, इस मैसेज में आप लोगों को यूनिक पोर्ट कोड मिलेगा, ये PC कोड आपको एक्सपायरी डेट के साथ मिलेगा। इस कोड के साथ आप लोगों को अपने घर के नजदीकी जियो स्टोर पर जाना होगा। कोड ही नहीं बल्कि आपको एड्रेस प्रूफ, आधार कार्ड और आईडी प्रूफ भी साथ लेकर जाना होगा, तभी आपको जियो कंपनी की सिम मिलेगी।

## सेबी ने भ्रामक सोशल मीडिया कटेंट पर कसी नकेल, हटाई 70,000 पोस्ट

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर मिसलीडिंग कंटेंट (भ्रामक सामग्री) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है, सेबी की ओर से अक्टूबर 2024 से 70,000 से अधिक पोस्ट और अकाउंट को हटाया गया है।

सेबी द्वारा यह कदम गलत सूचनाओं से निपटने और ऑनलाइन फाइनेंशियल इंफ्लूएंसर को रेगुलेट करने की कड़ी में उठाया गया है।

बाजार नियामक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि वह यह सुनिश्चित कर सके कि इस तरह का कोई भी कंटेंट किसी भी निवेशक को भ्रमित न करे।सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने एसोसिएशन ऑफ रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स (एआरआईए) शिखर सम्मेलन में सेबी के इन प्रयासों के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा, हम सभी के लिए एक आम चिंता अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकारों/शोध विश्लेषकों से जुड़ी है, जो निवेश में बढ़ती रुचि का गलत फायदा उठा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सेबी के प्रपोजल के तहत यूपीआई 'पेराइट' हैंडल का इस्तेमाल निवेशकों को रजिस्टर्ड संस्थाओं की आसानी से पहचान करने में मदद करेगा, ताकि वे खुद को धोखेबाजों से बचा सकें।

नारायण ने कहा, निवेश में बढ़ती रुचि के साथ ही अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। ये निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक निवेशकों को गुमराह करते हैं।

## दूरसंचार विभाग की बड़ी कार्रवाई, 3.4 करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन काटे; 17 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी किए ब्लॉक




नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बताया कि टेलीकॉम फ्रॉड से निपटने के लिए संचार साथ पोर्टल के जरिए अब तक 3.4 करोड़ से ज्यादा मोबाइल फोन को डिस्कनेक्ट किया गया है और 3.19 लाख आईएमईआई नंबर को ब्लॉक किया गया है। दूरसंचार विभाग ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा की मदद से 16.97 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी ब्लॉक कर दिए गए हैं।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा कि दूरसंचार विभाग की 'संचार साथी पहल' के तहत 20,000 से ज्यादा बल्क एसएमएस भेजने वालों को भी ब्लैकलिस्ट किया गया है। सरकार के संचार साथी पोर्टल पर नागरिकों को 'चक्षु' की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़े कम्युनिकेशन को रिपोर्ट करने की सुविधा मिलती है।

डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें मिलने के बाद दूरसंचार विभाग इनकी जांच करता है। इसके बाद जांच में गलत पाए गए नंबर को ब्लॉक किया जाता है। व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट किए गए संदिग्ध धोखाधड़ी कम्युनिकेशन पर कार्रवाई करने के बजाय दूरसंचार विभाग अपनी जांच के लिए क्राउड-सोर्स डेटा का इस्तेमाल करता है, ताकि टेलीकॉम रिसोर्सेस का गलत इस्तेमाल होने से रोका जा सके।

दूरसंचार विभाग एआई बेस्ड टूल्स और बिग डेटा एनालिसिस के साथ नकली दस्तावेजों पर लिए गए संदिग्ध मोबाइल कनेक्शनों की पहचान करता है। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने ऐसी अंतरराष्ट्रीय स्पूफ कॉलों की पहचान करने के लिए एक नया सिस्टम तैयार किया है, जो असल में विदेशों से होती हैं और भारत से आने वाली कॉल लगती हैं।

## भारत की बायोइकोनॉमी बीते 10 वर्षों में 16 गुना बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हुई : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की बायोइकोनॉमी में बीते 10 वर्षों में 16 गुना का इजाफा हुआ है और यह 2024 में बढ़कर 165.7 अरब डॉलर की हो गई है, जो कि 2014 में 10 अरब डॉलर थी। यह जानकारी सरकार द्वारा शुक्रवार को दी गई।

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में बीआईआरएसी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि यह तेज वृद्धि भारत के भविष्य के आर्थिक विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में बायोटेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

डॉ सिंह ने 'आईबीईआर 2025' रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, ''केवल 10 वर्षों में भारत की बायो-इकोनॉमी 10 अरब डॉलर से बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हो गई है, जो 2025 तक 150 अरब डॉलर के हमारे शुरुआती लक्ष्य से कहीं अधिक है।''रिपोर्ट में कहा गया कि यह सेक्टर कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले चार वर्षों में इस सेक्टर ने 17.9 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दिखाई है, जो वैश्विक बायोटेक पावरहाउस के रूप में भारत की क्षमता को दर्शाता है।केंद्रीय मंत्री ने बायोसारथी का भी अनावरण किया, जो एक ग्लोबल मेंटरशिप पहल है जिसका उद्देश्य बायोटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल इनोवेशन को बढ़ावा देकर, उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ाकर और भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक सफलता के लिए तैयार करके भारत के बायोटेक इकोसिस्टम को मजबूत करेगी।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## नई चोट, नए जख्म

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टत: यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्र और संगीन हो रहा है।

अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है।

रुबिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी।

इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉर्मूलेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड़ने की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है।

वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है। कोरोना के बाद शेयर बाजारों में उछाल

सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया। दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी। लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैँ। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा।

स्पष्टत: यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तिवक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में 'पर्पल फेस्ट दिल्ली 2025' में भाग लेती हुई।

# शिष्टाचार पुलिस क्या बला है?

अजीत द्विवेदी

पुलिस और शिष्टाचार आमतौर पर एक दूसरे के विपर्यय यानी एक दूसरे के विपरीत अर्थ वाले माने जाते हैं। तभी जब भी पुलिस सुधारों की बात होती है तो सबसे पहले पुलिसकर्मियों को शिष्टाचार का प्रशिक्षण देने की बात कही जाती है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रहे प्रकाश सिंह ने भी अपनी सिफारिशों में यह बात कही है तो देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने कई इंटरव्यू में इस पर जोर दिया कि पुलिस को आधुनिक तकनीक व हथियारों का प्रशिक्षण देने के साथ साथ सार्वजनिक जीवन में आम नागरिकों के साथ सभ्य और सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण भी देना चाहिए। दुनिया के सभ्य व विकसित देशों में नागरिक पुलिस को दोस्त मानते हैं तभी वहां अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस के पास जाने की सलाह देते हैं, जबकि भारत में भले लोग यज्ञ, हवन आदि कराते हैं कि पुलिस से पाला न पड़े। अभिभावक अपने बच्चों को पुलिस से दूर रहने की सलाह देते हैं। कुल मिला कर स्थिति यह है कि पुलिस की मौजूदगी आमतौर पर लोगों को सुरक्षा का अहसास नहीं कराती है, बल्कि भय और असुरक्षा का भाव पैदा करती है।

तभी दिल्ली में 'एंटी ईव टीजिंग स्क्वॉड' का गठन और उसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वॉड' रखने का दिल्ली सरकार का फैसला बहुत दिलचस्प जान पड़ता है। यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि यह फैसला राजनीतिक है और राजनीतिक कारणों से किया गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया, जिसका घोषित मकसद तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था लेकिन असल में लव जिहाद के अपने चुनावी एजेंडे को ध्यान में रख कर राज्य सरकार ने यह फैसला किया था। राजधानी दिल्ली में सीधे तौर पर लव जिहाद रोकने के लिए किसी एंटी रोमियो स्क्वॉड के गठन की बात नहीं की जा सकती थी इसलिए महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और अपराध को रोकने के लिए 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाने की घोषणा हुई है।

ऐसा लग रहा है कि यह स्क्वॉड शिष्टाचार की बजाय नैतिकता पुलिस के तौर पर काम करेगी। इससे लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन युवा जोड़े इनसे आशंकित जरूर रहेंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता वेलेंटाइन डे वगैरह पर जो काम अनधिकृत रूप से करते हैं उसी से मिलता जुलता काम यह स्क्वॉड सालों भर अधिकृत रूप से करेगा। यह भाजपा की नई राज्य सरकार का



एजेंडा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी की 10 साल की सरकार के समय भी तो पुलिस केंद्र की भाजपा सरकार के पास ही थी। तब इस तरह का स्क्वॉड बनाने की जरुरत क्यों नहीं महसूस की गई थी?

ऐसा मानने का आधार यह भी है कि अगर दिल्ली सरकार चाहती है कि वह महिलाओं को सुरक्षित रखे भी और सुरक्षित महसूस भी कराए तो उसके लिए अलग से किसी पुलिस फोर्स की जरुरत नहीं है। सामान्य पुलिसिंग को चाक चौबंद करके ऐसा किया जा सकता है। महिलाओं के साथ अपराध की जो शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती है उन शिकायतों को तत्काल दर्ज किया जाए और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तो अपने आप महिलाओं के प्रति अपराध में कमी आएगी। ऐसे ही महिलाओं के खिलाफ अपराध के जो मामले पहले से दर्ज हैं अगर पुलिस उन मामलों में जल्दी से जल्दी सजा करा देती है तो उससे भी अपराधियों में खौफ बनेगा।

यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के साथ उतने अपराध नहीं होते, जितने घरों में, परिचितों की मौजूदगी में, स्कूल व कॉलेजों में या कार्यस्थलों पर होते हैं। वहां न तो पुलिस मौजूद रह सकती है और न 'शिष्टाचार स्क्वॉड' के लोग मौजूद रहेंगे। इसलिए महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना होगा कि वे झिझक छोड़ कर या पुलिस का डर छोड़ कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उनमें यह भरोसा स्थापित करना होगा कि थानों में उनके साथ बदसलूकी नहीं होगी या उनकी कमजोरी का फायदा नहीं उठाया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी शिकायत पर पुलिस ईमानदारी से और त्वरित कार्रवाई करेगी। यह सुनिश्चित करने की बजाय सरकार 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बना रही है, जबकि यह काम सामान्य पुलिसिंग के जरिए हो सकता है।

महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या उनके प्रति अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए इस तरह के दिखावे की जरुरत नहीं है, बल्कि व्यापक और समग्र योजना बनाने की जरुरत है। इसमें महिला थानों व महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना एक उपाय है। पुलिसकर्मियों को नागरिकों और खास कर महिलाओं के साथ सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण देना दूसरा उपाय है। अभियोजन के लिए अलग शाखा या स्क्वॉड बनाना भी एक उपाय है ताकि जो मामले पुलिस के पास पहुंचे उनमें जल्दी से जल्दी न्यायिक कार्रवाई पूरी कराई जा सके।

न्यायपालिका में भी जैसे पॉक्सो मामलों के लिए अलग अदालतें हैं वैसे ही महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए अलग से व्यवस्था करने की जरुरत है। अगर थाने में शिकायत लेकर जाने में महिलाएं सुरक्षित और सहज महसूस करने लगें और उन्हें भरोसा बने की पुलिस की जांच और न्यायिक प्रक्रिया उनके लिए सजा नहीं बन जाएगी तो वे खुद ब खुद आगे आएंगी और अपने ऊपर होने वाले अपराध की शिकायत करेंगी। इसकी बजाय पुलिस अगर अपराध खोजने जाती है तो उसके कई खतरे हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि पुलिस सार्वजनिक जगहों पर, पार्क, गार्डेन आदि में और मॉल्स में मोरल पुलिसिंग में लग जाएगी। ऐसा न हो यह सरकार और पुलिस दोनों को सुनिश्चित करना होगा।

इस पूरी प्रक्रिया में एक बड़ा सवाल सरकार की प्राथमिकता का भी है। क्या दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए पुलिसिंग की पहली जरुरत यही है कि 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाया जाए? राजधानी दिल्ली गैंगस्टर्स की राजधानी बन गई है। यहां दर्जनों गैंग ऑपरेट करते हैं, जो बड़े अपराध को अंजाम देते हैं। 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 12 गैंग ऐसे हैं, जिनके सरगना विदेश में हैं और राजधानी व एनसीआर के इलाके में गैंग चला रहे हैं। हिमांशु भाऊ अमेरिका में है तो कपिल सांगवान ब्रिटेन में है। बरार अमेरिका में, अर्श डल्ला कनाडा में, रोहित गोदारा कनाडा में, जग्गा धुरकोट अमेरिका में, लक्की पटियाल आर्मेनिया में, अमरजीत बिश्नोई इटली में, वीरेंद्र चरण अमेरिका में, नवीन बॉक्सर दुबई में, सुभाष बराला दुबई में तो नोनी राणा इटली में है। इनके गैंग राजधानी दिल्ली व एनसीआर में रंगदारी वसूलने और लोगों को डराने का काम करता है। इनके अलावा काला जठेड़ी या हाशिम बावा जैसे अनेक गैंग और हैं, जिनके सरगना विदेश में नहीं हैं।

# कितनी लड़ाई लड़ेंगे दक्षिणी राज्य?

अजीत द्विवेदी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आमंत्रण पर शनिवार, 22 मार्च को आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि चेन्नई में जुटने वाले हैं। तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे। इनके अलावा दो पूर्वी राज्य, पश्चिम बंगाल और ओडिशा और एक उत्तरी राज्य पंजाब को भी न्योता दिया गया है। इन राज्यों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से लोकसभा सीटों के परिसीमन पर चर्चा करेंगे। परिसीमन के अलावा दक्षिणी राज्यों ने कई अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ी है। आंध्र प्रदेश को छोड़ कर तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में भाजपा विरोधी दलों की सरकार है। ये सभी सरकारें आशंकित हैं। उनकी आशंका कुछ तो जायज कारणों से है और कुछ राजनीतिक कारणों से भी है। कम से कम चार मसले ऐसे हैं, जिन पर इन राज्यों ने मोर्चा खोला है। एक मसला वित्त का है। दक्षिण भारतीय राज्यों का कहना है कि वे ज्यादा कर दे रहे हैं और जीडीपी में ज्यादा भागीदारी दे रहे हैं लेकिन उस अनुपात में उनको केंद्रीय बजट से कम पैसे मिलते हैं और करों में भी उनकी हिस्सेदारी कम होती जा रही है। दूसरा मुद्दा शिक्षा का है। नई शिक्षा नीति को लेकर ये राज्य केंद्र का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा का भी तमिलनाडु ने विरोध किया था। नई शिक्षा नीति के मसले पर तो चार दक्षिणी राज्यों के साथ हिमाचल प्रदेश और झारखंड की दो सरकारें भी शामिल हैं। तीसरा मुद्दा भाषा का है, जिस पर लड़ाई की कमान तमिलनाडु ने संभाली है और चौथा मुद्दा परिसीमन का है, जिस पर सभी दक्षिणी राज्य लड़ने को तैयार हैं और दूसरी विपक्षी पार्टियों को भी इस लड़ाई में शामिल कर रही हैं।

इन सभी मुद्दों की अपनी अपनी जगह पर अहमियत है लेकिन उससे बड़ा सवाल यह है कि क्या इतने मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव का एक खास राजनीतिक व सामाजिक नैरेटिव नहीं बन रहा है, जिससे देश के लोगों में विभाजन बढ़ सकता है और वास्तविक टकराव हो सकता है? क्या इससे तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में केंद्र सरकार के बहाने उत्तर भारत के राज्यों और लोगों के प्रति नाराजगी नहीं बन रही है? तभी जरूरी मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव के बीच भी दक्षिण भारत के राज्यों को सावधानी बरतनी होगी ताकि टकराव उत्तर और दक्षिण का न बने। संभवत: इसी सोच में तमिलनाडु ने पहल करके पूर्वी और उत्तरी राज्यों को अपने साथ जोड़ा है। नई शिक्षा नीति के मसले पर छह राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की वार्ता हुई, जिसमें झारखंड और पंजाब को भी रखा गया तो परिसीमन के मसले पर 22 मार्च को बुलाई बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सात राज्यों के नेताओं को चिट्ठी लिखी है, जिसमें ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब को भी शामिल किया है। गौरतलब है कि ओडिशा में भाजपा की सरकार है। वहां के मुख्यमंत्री निश्चित रूप से स्टालिन के बुलावे पर चेन्नई नहीं जाएंगे लेकिन उनको चिट्ठी लिख कर स्टालिन ने यह संदेश दिया है कि वे जो मसले उठा रहे हैं वह सिर्फ दक्षिणी राज्यों तक या सिर्फ गैर भाजपा दलों तक सीमित नहीं है।

बहरहाल, दक्षिण के राज्य केंद्रीय करों के बंटवारे और केंद्र सरकार के अनुदान को लेकर काफी समय से अपना विरोध जताते रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने जनसंख्या के साथ साथ आर्थिकी का बेहतर प्रबंधन किया है। लेकिन इसका लाभ देने की बजाय केंद्र सरकार उनको इसकी सजा दे रही है। उनका यह भी कहना है कि वे ज्यादा राजस्व संग्रह कर रहे हैं लेकिन उसके अनुपात में उनको कम हिस्सा मिल रहा है, जबकि कम राजस्व संग्रह वाले बड़ी आबादी के राज्यों को ज्यादा हिस्सा मिल रहा है। इसका मतलब है कि जिस तरह आबादी ज्यादा होने की वजह से उत्तर भारत के राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व ज्यादा है उसी तरह आबादी और गरीबी की वजह से उनको वित्तीय मदद भी ज्यादा मिल रही है। इस सिलसिले में पिछले साल फरवरी में डीएमके के एक सांसद ने राजस्व संग्रह और राज्यों के बीच उसके बंटवारे को लेकर संसद में सवाल पूछा था। इसके जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्यक्ष करों के माध्यम से सामूहिक रूप से 22.26 लाख करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया, जबकि केवल 6.42 लाख करोड़ रुपए ही इन राज्यों को हस्तांतरित किए गए। इसके उलट, उत्तर प्रदेश ने इसी अवधि में सिर्फ 3.41 लाख करोड़ रुपए का योगदान किया और उसे 6.91 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए। अप्रत्यक्ष कर यानी जीएसटी में निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश का योगदान ज्यादा होगा।




मेष राशि -आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने की जरूरत है। आज प्रेरणादायक पुस्तक पढ़ना या फिल्म देखना आप के लिए बढ़िया रहेगा।

वृष राशि - आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो। आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं, इससे आपके मन को शांति मिलेगी। जीवनसाथी से आपको अपने दिल की सारी बातें करने का भरपूर समय मिलेगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार की उलझनों में पड़ने से बचना चाहिए। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंद कामों को कर पाने में कामयाब होगे। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि - आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आज कारोबार से जुड़े कुछ जरूरी काम पूरे होंगे, आप नए काम पर पूरा फोकस करेंगे।

सिंह राशि - आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे।

कन्या राशि -आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपका ट्रांसफर आपके मन पसंद जगह पर हो सकता है। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते है, घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में किसी प्रकार की उलझन है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा समाधान मिल सकता है।

तुला राशि -आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा शक्ति की कमी है। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा।

वृश्चिक राशि -आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास करेंगे और अपना पूरा ध्यान केंद्रित करके काम में मन लगाएंगे। आज आप परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि -आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।


मकर राशि -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन से छुटकारा पाने के लिए लिए आप अपने रिश्तों में थोड़ी ढ़ील देंगे।

कुंभ राशि - आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिलाएगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा।

# सुप्रीम कोर्ट: सस्ता इलाज देने में सरकारें नाकाम

डॉ. चन्दर सोनाने

*हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढाँचा देने में नाकाम रही है। इससे निजी अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केन्द्र सरकार को गाइडलाईन बनानी चाहिए। जस्टिस श्री सूर्यकांत और श्री एन. के सिंह की पीठ ने सुनवाई करते हुए उक्त बातें कही। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में अच्छी चिकित्सा दवाएं और मेडिकल सेवाएँ सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण नहीं हो सके।सुप्रीम कोर्ट की चिंता जायज है।*



हमारे देश में कोरोना के बाद से निजी अस्पतालों ने लूट मचा रखी है। कोई देखने, सुनने वाला नहीं है। निजी अस्पताल में जब कोई मरीज पहुँचता है तो उसके परिवार के पास पर्याप्त राशि नहीं होने पर उसे अपना घर या खेत गिरवी रखना होता है, तब जाकर वे अपने परिवारजन का ईलाज करवा पाते हैं।इतना ही नहीं, हर एक निजी अस्पतालों ने अपने अस्पताल में ही दवाई खरीदने की दुकान लगा रखी है। अस्पताल द्वारा मरीज के परिजन को दवा लिखने के बाद अस्पताल की ही फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। अस्पताल की मेडिकल शॉप मनमाने रेट पर दवाई देती है, जिसे खरीदना मरीज के परिजन की मजबूरी होता है। सामान्यत: आमजन की रोजमर्रा की दवाई के लिए मेडिकल शॉप वालों से परिचय रहता है। इस कारण अपने नियमित मरीज को वह 10 से 20 प्रतिशत तक छूट भी दे देता है। किन्तु ऐसा निजी अस्पतालों में नहीं होता है। कई बार तो यह भी देखने में आता है कि अस्पताल द्वारा लिखी गई दवाई उसी के मेडिकल शॉप पर ही मिलती है। अन्य मेडिकल शॉप पर वह दवाई उपलब्ध ही नहीं होती है। कई बड़े निजी अस्पतालों द्वारा फार्मेसी से ऑर्डर देकर दवाईयाँ बनवाकर उसे अपनी दुकान के लिए बुला ली जाती है और उसमें मनमानी एमआरपी लिख दी जाती है। यह एमआरपी सामान्य मूल्य से कई गुना अधिक कीमत की होती है, जिसे खरीदना मरीज के परिजनों के लिए मजबूरी बन जाता है। दवाईयों की एमआरपी पर केन्द्र सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। इस कारण निजी अस्पतालों के मेडिकल शॉप से मिलने वाली दवाईयों की कीमत कई गुना बढ़ जाती है। जरूरी दवाईयों पर केन्द्र सरकार का नियंत्रण होना अत्यन्त आवश्यक है। करीब डेढ़ साल पहले मध्यप्रदेश सरकार ने एक मनमाना आदेश निकाला। इस कारण प्रदेश के 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथालॉजी लैब निजी संस्थाओं को सौंप दी है। इसके दुष्परिणाम यह हुए कि पैथॉलॉजी लैब की जाँचों की दरों में 14 से लेकर 1108 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई। इसका बोझ सीधे-सीधे आमजन पर ही पड़ा।उसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा अब सरकारी अस्पतालों को भी निजी हाथ में देने की गतिविधि शुरू कर दी गई है। मध्यप्रदेश में 51 सिविल अस्पताल है। 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। इनमें से प्रथम चरण में राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने पीपीपी मोड पर 10 जिला अस्पतालों में निजी मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला कर लिया है। ये 10 जिला अस्पताल हैं- खरगोन, धार, बैतूल, टीकमगढ़, बालाघाट, कटनी, सीधी, भिंड, मुरैना आदि। सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है कि निजी अस्पतालों की लूट और मेडिकल कॉलेजों की पैथालॉजी लैब को निजी हाथों में सौंपने के कारण आमजन की कितनी फजीहत होती है। यदि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों को भी निजी हाथों में सौंप देंगे तो आमजन सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्णत: वंचित हो जायेगा। सुप्रीम कोर्ट की चिंता को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अत्यन्त गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। यदि सरकारी अस्पतालों में ही सभी गंभीर बीमारियों का इलाज, जाँचें, चिकित्सा सुविधा, ऑपरेशन आदि की पर्याप्त सुविधाएँ मिल जाए, तो आमजन को निजी अस्पताल जाना ही नहीं पड़ेगा। कोरोना के बाद से तो निजी अस्पताल की बाढ़ सी आ गई है और सब निजी अस्पताल आमजन को लूटने में एक साथ है। इसलिए यह जरूरी है कि केन्द्र और राज्य सरकार अपने सरकारी अस्पतालों में ही पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं, विभिन्न प्रकार की जाँचें और अधोसंरचना के साथ ही पर्याप्त डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती कर दे तो आमजन को निजी अस्पतालों की लूट से बचाया जा सकता है।

## हरियाणा : पानीपत में जेजेपी नेता रविंद्र मिन्ना की गोली मारकर हत्या

पानीपत (आरएनएस)। हरियाणा के पानीपत में शुक्रवार को जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) नेता रविंद्र मिन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने इस दौरान उनके चचेरे भाई और एक अन्य व्यक्ति पर भी फायरिंग की। इस वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, हमलावर ने जेजेपी नेता रविंद्र मिन्ना, उनके चचेरे भाई और एक अन्य व्यक्ति पर फायरिंग की। वारदात में जेजेपी नेता की मौत हो गई। वहीं, अन्य दोनों लोग घायल हो गए। हमलावर की पहचान जागसी गांव के रहने वाले रणबीर के रूप में हुई है। हालांकि घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

रविंद्र मिन्ना मूल रूप से जागसी गांव के रहने वाले थे, लेकिन वह शहर के विकास नगर में रह रहे थे। हरियाणा में साल 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें पानीपत शहर से टिकट देकर उम्मीदवार बनाया था।

इससे पहले, 14 मार्च को सोनीपत जिले के जवाहरा गांव में भाजपा नेता और मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जवाहरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जानकारी के अनुसार, पुराने जमीनी विवाद के चलते पड़ोसी ने गोली मारकर उनकी हत्या की थी। इस घटना की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। इसमें दो सीआईओ और एक एसएचओ मोबाइल टीम हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्या का कारण एक पुरानी रंजिश थी, जिसमें पड़ोसी से जमीन को लेकर आपसी मतभेद थे। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया था कि जवाहरा गांव में गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस को बताया गया कि सुरेंद्र नामक व्यक्ति को गोली लगी है, जिससे उसकी मौत हो गई है। मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दावा किया था कि जवाहरा ने आरोपी और उसकी बुआ की जमीन खरीदी थी, जिसे लेकर विवाद चल रहा था और हत्या की वजह यही है।

## मुंबई : ज्वैलर से 11.50 लाख की उगाही करने वाले चार फर्जी आईबी अधिकारी गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने चार ठगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बताकर भुलेश्वर मार्केट के एक ज्वैलर से 11.50 लाख रुपये ठग लिए।

यह घटना मुंबई के वीपी रोड इलाके में हुई और पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पवन सुधाकर चौधरी (33), श्रीजीत गायकवाड़ (32), सूर्यकांत शिवाजी शिंदे (32) और किसान धोंडीबा शेलार (53) के रूप में हुई है।

वीपी रोड पुलिस के मुताबिक, चार अज्ञात लोग भुलेश्वर की एक ज्वैलरी दुकान में घुसे और खुद को आईबी अधिकारी बताया। दुकान में पहुंचते ही उन्होंने कर्मचारियों को मोबाइल फोन बंद करने और बाहर न जाने का आदेश दिया। जालसाजों ने दुकान मालिक पर अवैध नकदी लेनदेन का आरोप लगाया और कहा कि यह गंभीर अपराध है।

उन्होंने कानूनी कार्रवाई से बचाने के बदले 25 लाख रुपये की मांग की। जब ज्वैलर ने पूरी रकम देने में असमर्थता जताई, तो उसे धमकाया गया। डर के मारे उसने 11.50 लाख रुपये दे दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और कहा कि वे अपने सीनियर अधिकारियों को पैसे देने जा रहे हैं। जब वे वापस नहीं लौटे, तो ज्वैलर को ठगी का एहसास हुआ और उसने वीपी रोड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और भारतीय न्याय सहिता (बीएनएस) की धारा 308(3), 332(सी), 333, 204 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। जांच के लिए विशेष टीमें बनाई गईं। पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी फुटेज हासिल किए, जिसमें चारों आरोपियों के चेहरे साफ दिख रहे थे। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी और गुप्त सूचनाओं की मदद से पुलिस ने चारों को मुंबई के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार कर लिया।

# जल सभ्यताओं की जीवन रेखा, इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जल संरक्षण का संदेश दिया। नेताओं ने लोगों से पानी की बचत और इसके महत्व को समझने की अपील की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा, जल सभ्यताओं की जीवन रेखा है, इसलिए इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल दिवस के मौके पर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने विश्व जल दिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि जल-प्रकृति का अमूल्य वरदान- न केवल जीवन का आधार है, बल्कि हमारी संस्कृति, कृषि और भविष्य की समृद्धि का मूल स्रोत भी है।

उन्होंने आगे लिखा कि इसकी सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है।

इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि पंचकूला में कैच द रेन अभियान



की शुरुआत हो रही है। उन्होंने आगे लिखा, आज हरियाणा के पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के साथ जल शक्ति अभियान: कैच द रेन 2025 का शुभारंभ होने जा रहा है। इस वर्ष की थीम है: जल संचय, जनभागीदारी: जन जागरूकता की ओर। यह सिर्फ एक थीम नहीं, जन-जन के जीवन से जुड़ा एक राष्ट्रीय आंदोलन भी है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, विश्व जल दिवस की बधाई! आइए, जल को बचाने का संकल्प लें और स्वच्छ व समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ें। उनका संदेश पानी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर केंद्रित था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा, प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं! उत्तराखंड पवित्र नदियों का उद्गम स्थल और जल संपदा से भरपूर है। यह हमारी धरोहर है, जिसे बचाना हमारा कर्तव्य है।उन्होंने जल के सही उपयोग को सतत विकास की कुंजी बताया और कहा कि सरकार जल संसाधनों को संरक्षित करने के लिए लगातार काम कर रही है।

धामी ने लोगों से भविष्य के लिए जल संरक्षण का संकल्प लेने को कहा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस दिन को खास माना। उन्होंने लिखा, जल है तो कल है। विश्व जल दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं। आइए, प्रकृति के इस अनमोल तोहफे को बचाएं और समृद्ध भविष्य बनाएं। उनका संदेश पानी की अहमियत और इसके संरक्षण पर जोर देता है।

## विश्व जल दिवस पर वाराणसी में 'रन फॉर क्लीन गंगा' मैराथन, लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

वाराणसी (आरएनएस)। विश्व जल दिवस के मौके पर संकट मोचन फाउंडेशन ने 'रन फॉर क्लीन गंगा' मैराथन का आयोजन किया। यह मैराथन भैसासुर घाट से शुरू होकर तुलसी घाट तक 6 किलोमीटर सड़क मार्ग पर चली। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस आयोजन का मकसद गंगा नदी को प्रदूषण से मुक्त करना और लोगों में जागरूकता फैलाना था।संकट मोचन फाउंडेशन के महंत और आयोजक विशंभर नाथ मिश्र ने बताया कि यह पहली बार है जब विश्व जल दिवस पर मैराथन का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा, हर साल हम गंगा तट पर मानव श्रृंखला बनाते थे, लेकिन इस बार हमने मैराथन चुनी, ताकि शहर के हर कोने तक गंगा की सफाई का संदेश पहुंचे। गंगा से हर कोई जुड़ा नहीं है, इसलिए हम इसे सभी तक ले जाना चाहते थे। युवाओं की भागीदारी और भीड़ देखकर लगता है कि हमारा अभियान सफल होगा।मैराथन में शामिल तनु शुक्ला ने कहा, जैसे हम मां अपने बच्चों को साफ रखते हैं, वैसे ही गंगा को भी साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है। आज लोग गंगा में हर तरह की गंदगी डाल रहे हैं। हमारा लक्ष्य लोगों को जागरूक करना है कि वे इस काम में हमारा साथ दें। यह संदेश सिर्फ वाराणसी तक नहीं, बल्कि पूरे देश में जाना चाहिए कि माताएं गंगा की सफाई के लिए कितनी सजग हैं।वंदना दुबे ने भी अपने विचार साझा किए।

## बिहार : अररिया में मारा गया मोस्ट वांटेड चुनमुन झा, मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मी घायल

अररिया (आरएनएस)। बिहार के अररिया जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ी पुलिस कार्रवाई हुई, जिसमें कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मुठभेड़ में मारा गया। यह एनकाउंटर नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास रात करीब 2:30 बजे हुआ। पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम चुनमुन झा को पकड़ने गई थी, जो लूटपाट की कई घटनाओं में वांछित था। मुठभेड़ में चुनमुन की मौत हो गई, जबकि छह पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक, चुनमुन झा पलासी गांव का रहने वाला था और उसका असली नाम विनोद झा उर्फ फतन झा था। वह आरा और पूर्णिया के तनिष्क शोरूम लूटकांड सहित कई बड़ी वारदातों में शामिल था। उसे पकड़ने के लिए पुलिस और एसटीएफ की टीम ने थलहा नहर के पास छापेमारी की। इस दौरान अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में चुनमुन झा को गोली लगी और वह मौके पर ही ढेर हो गया।

मुठभेड़ में घायल होने वाले पुलिसकर्मियों में नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास, एसटीएफ इंस्पेक्टर मोहम्मद मुश्ताक, चालक नागेश, जेसी शहाबुद्दीन अंसारी और दीपक कुमार शामिल हैं। सभी को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए जिले के कई थानों की पुलिस मौके पर तैनात की गई है। पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है और मामले की तफ्तीश में जुटी है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट में दिशा सालियान मामले की सुनवाई 2 अप्रैल 2025 को

मुंबई (आरएनएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिवंगत दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान की ओर से दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई अब 2 अप्रैल 2025 को होगी। सतीश सालियान ने अपने वकील के जरिए यह याचिका दायर की थी, जिसकी एक प्रति पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अधिकारी समीर वानखेड़े को भी दी गई है।समीर वानखेड़े के वकील फैज मर्चेंट ने बताया कि उनके मुवक्किल इस मामले में हाई कोर्ट के सामने एक विस्तृत हलफनामा पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। इस हलफनामे में वानखेड़े से जुड़े सभी सवालों और आरोपों का जवाब होगा।सूत्रों के मुताबिक, वानखेड़े अपनी जांच के दौरान जुटाए गए कुछ अहम सबूत भी कोर्ट में पेश कर सकते हैं। इन सबूतों में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे से जुड़ी जानकारी शामिल हो सकती है।

## अश्लील गाने बजाए, मेरी जांघों को पकड़ा और फिर' एनआईटी के प्रोफेसर ने छात्रा के साथ की गंदी करतूत

सिलचर (आरएनएस)। असम के सिलचर में स्थित एनआईटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर को पुलिस ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप




में गिरफ्तार किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा पर एक छात्रा ने आरोप लगाया कि उसने उसका उत्पीड़न किया है। कछार पुलिस अधीक्षत नुमल महत्ता ने बताया कि डॉ. कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा को हद्भुञ्ञ ने सस्पेंड कर दिया है। पीड़िता और उसके परिवार द्वारा दर्ज कराई गई अलग-अलग शिकायतों के आधार पर आरोपी को संस्थान के परिसर से गिरफ्तार किया गया है।एनआईटी के बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की छात्रा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई की मांग करते हुए छात्रा ने रातभर प्रदर्शन भी किया था। पीड़िता के मुताबिक, प्रोफेसर ने उसे अपने चैंबर में बुलाकर कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता के मुताबिक, प्रोफेसर ने उसके कम ग्रेड पर चर्चा करने के लिए अपने चैंबर में बुलाया और अनुचित तरीके से उसे छुआ।वायरल चिट्ठी में पीड़िता ने प्रोफेसर पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रोफेसर ने मुझे अपने पास बैठने को कहा और पूछा कि कम ग्रेड क्यों मिलते हैं। उसने मेरे हाथ को पकड़ना शुरू किया और उंगलियां छूने लगा। फिर प्रोफेसर ने धीरे-धीरे मेरी जांघों को पकड़ लिया।

## लूटपाट के 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, एक फरार

रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर में लूट की तीन अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देने वाले कुल 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटनाएँ 21 मार्च 2025 को सुबह के समय हुई थीं, जब आरोपियों ने लोगों को चाकू दिखाकर उनके मोबाइल फोन, नगदी और अन्य सामान लूट लिए थे।

पहली घटना थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र की है, जहां प्रार्थी छद्दू लाल यादव को प्रियदर्शनी नगर में स्थित रिहजडम कालोनी के पास तीन मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा पर सवार छह बदमाशों ने घेरकर उसे चाकू से धमकाया और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महकमे के उच्च अधिकारियों द्वारा इस मामले को गंभीरता से लिया गया और अपराधियों की पहचान के लिए एण्टी क्राइम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने घटनास्थल और आसपास के सी.सी.टी.वी. फुटेज की जांच शुरू की।

## हरियाणा : कुरुक्षेत्र में महायज्ञ के दौरान पत्थरबाजी और फायरिंग... 23 घायल, एक की हालत गंभीर

कुरुक्षेत्र (आरएनएस)। कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में शनिवार को खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना में करीब 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

इस घटना से नाराज ब्राह्मणों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, अंतिम समाचार मिलने तक माहौल अभी भी तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।18 मार्च से शुरू हुआ यह महायज्ञ 27 मार्च तक चलना था, जिसके लिए 1008 कुंडीय यज्ञशाला बनाई गई थी। महायज्ञ में हर दिन 1,00,000 आहुतियां डाली जा रही थीं।

## साहिल-मुस्कान ने दी थी सौरभ की बलि!, पांच महीने से कर रहे थे कर्ण पिशाचनी तंत्र साधना; हत्याकांड में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे

मेरठआरएनएस)। मेरठ के दिल दहला देने वाले सौरभ हत्याकांड में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। हालिया जांच में सामने आया है कि सौरभ की हत्या के मामले में साहिल शुक्ला और मुस्कान के तांत्रिक क्रियाओं में लिप्त होने के संकेत मिल रहे हैं। जांच के अनुसार, हत्या के दौरान साहिल ने वध शब्द का उपयोग करते हुए सौरभ के सिर के साथ-साथ दोनों हाथों की हथेलियाँ काट दीं। मुस्कान ने दिल पर चाकू वार किया और हत्या के बाद रात के तीन बजे सौरभ के सिर और हाथों को बैग में डालकर साहिल के घर ले जाया गया।

इसके अतिरिक्त, जांच में पता चला है कि दोनों संदिग्ध अंधविश्वास में पड़कर स्नैपचैट पर अपनी-अपनी मरी हुई परिजनों साहिल अपनी मां और मुस्कान अपनी मौसी से बात करने का प्रयास कर रहे थे। कमरों की दीवारों पर अजीब-ओ-ग़रीब चित्रकारी और लेखन भी पाया गया, जिसमें शिव



के आदियोगी अवतार और अन्य रहस्यमयी संकेत शामिल थे। कमरे के गेट पर लिखी पंक्तियाँ नमक स्वाद अनुसार अकड़ औकात अनुसार और अन्य प्रतीकात्मक चित्र इस बात की पुष्टि करते हैं कि पूरा कमरा तंत्र-मंत्र की क्रिया की कहानी कह रहा है।

शनि पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री-श्री 108 महेंद्र दास जी महाराज के अनुसार, कर्ण पिशाचनी माता की सिद्धि प्राप्त करने के लिए ब्रह्मचर्य का होना आवश्यक है। खबरों के मुताबिक, साहिल और मुस्कान ने सिद्धि के लिए यू-ट्यूब पर देखे तंत्र-मंत्र के विधानों के अनुसार सौरभ की बलि दे दी थी। दोनों ने सिर और हाथ काटकर अपने कमरे में पूजा की और शव को जमीन में दफन कराने का प्रयास किया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने इस बात की भी स्वीकृति दी कि जब दफन कराने का उपयुक्त स्थान न मिला, तो लाश को ड्रम में लाकर सीमेंट में गाड़ दिया गया।जानकारी के अनुसार, मुस्कान ने अपनी मां कविता रस्तोगी से कर्ण पिशाचनी माता के बारे में जानकारी ली थी। वहीं, कविता ने बताया कि मुस्कान की पहचान पहले एक सामान्य लड़की सोभी के रूप में होती थी, लेकिन साहिल शुक्ला से मिलने के बाद दोनों का व्यक्तित्व बदल गया।

## पेपर लीक मामला: सरिता मीणा के बाद अब पटवारी भर्ती का सरगना हर्षवर्धन भी बर्खास्त

दौसा ,(आरएनएस)। राजस्थान सरकार ने पेपर लीक मामलों में अपनी ज़ीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करना शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे बड़े एक्शनों ने इस बात को साबित कर दिया है कि सरकार इस मामले में कितनी सख्त है। पेपर लीक मामलों में लिप्त राज्य कर्मियों को बर्खास्त करके सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है। पटवारी भर्ती मामले में दौसा के सरगना हर्षवर्धन को राज्यसेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।


दौसा कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने हर्षवर्धन को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया। हर्षवर्धन को जेईएन भर्ती परीक्षा 2020 में एसआईटी ने नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। इससे पहले, हर्षवर्धन की पत्नी सरिता मीणा को तत्कालीन भीलवाड़ा कलक्टर नमित मेहता ने बर्खास्त किया था। सरिता ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में खुद की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण की थी। एसओजी एटीएस एडीजी वी.के.सिंह की प्रभावी मॉनिटरिंग का भी इन कार्रवाइयों में बड़ा योगदान रहा है।

एडीजी वी.के.सिंह ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा में लिप्त 45 सहित कुल 86 राज्यकर्मियों को बर्खास्त/सेवा से पृथक किया जा चुका है। शेष 189 राज्यकर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पेपर लीक मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जालंधर : यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड हमला मामला, पुलिसकर्मी के बेटे समेत 2 गिरफ्तार

जालंधर(आरएनएस)। पंजाब के जालंधर में यूट्यूबर नवदीप सिंह संधू उर्फ रोजर संधू के घर ग्रेनेड फेंकने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 21 साल का युवक भी शामिल है, जो एक पुलिसकर्मी का बेटा बताया जा रहा है। यह हमला रविवार (16 मार्च) तड़के 3:45 बजे जालंधर के गांव रायपुर रसूलपुर में हुआ था। अब तक इस मामले में दो एनकाउंटर के बाद कुल सात आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

जालंधर ग्रामीण पुलिस के एसएसपी गुरमीत सिंह इस बारे में विस्तार से जानकारी दे सकते हैं। पुलिस ने इससे पहले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिसमें दो मुख्य आरोपी और तीन सहयोगी शामिल हैं। इनमें एक महिला भी है, जिसने अपने घर में ग्रेनेड छिपाया था।



पुलिस ने 15 घंटे के अंतराल में दो एनकाउंटर किए। पहला एनकाउंटर उसी जगह हुआ जहां हमला हुआ था, जबकि दूसरा आदमपुर के चूड़वाली गांव के पास। दोनों मुठभेड़ों में आरोपी घायल हुए। दूसरी मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी के साथ उसके दो साथी और एक महिला को भी पकड़ा गया।

पुलिस के मुताबिक, यह हमला सोशल मीडिया पर विवाद के चलते हुआ। पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने हमले की जिम्मेदारी ली थी और दावा किया था कि नवदीप ने इस्लाम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हालांकि, नवदीप ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि यह हमला प्रसिद्धि के लिए किया गया। हमले में एक ग्रेनेड जैसा धातु का टुकड़ा फेंका गया था, जो फटा नहीं और घर को नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस ने इसे जब्त कर जांच के लिए भेजा है।

नई गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब पहले से पकड़े गए दो मुख्य आरोपियों से भी पूछताछ करेगी ताकि मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सके। गिरफ्तार पुलिसकर्मी के बेटे की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह मामला पंजाब में शांति भंग करने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। इसके पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने की भी आशंका जताई जा रही है।

## राजस्थान के राजसमंद में ड्राइवर को आई झपकी, बस पलटने से 13 यात्री घायल

राजसमंद (आरएनएस)। राजस्थान के राजसमंद जिले में चारभुजा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब जयपुर से अहमदाबाद जा रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा गोमती और धानिन के बीच हाईवे पर हुआ, जिसमें 13 यात्री घायल हो गए।

सूचना के अनुसार, बस हरियाणा से रवाना होकर जयपुर होते हुए अहमदाबाद जा रही थी। ड्राइवर को अचानक नींद आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद, आधा दर्जन गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जबकि बाकी यात्रियों को चारभुजा में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही, चारभुजा थाना अधिकारी प्रीति कुमारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की और बाकी सवारियों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गंतव्य की ओर रवाना किया। इसके साथ ही क्रेन मंगवाकर बस को रोड के किनारे लगवाया गया, ताकि यातायात सामान्य हो सके।

बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर ने नशा कर रखा था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। लोगों का कहना है कि हादसे से पहले भी ड्राइवर बस को बुरी तरह चला रहा था। हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। पुलिस दोनों को पकड़ने के लिए तलाश में जुट गई है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।इससे पहले राजस्थान के भीलवाड़ा में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया था। जिले के मांडलगढ़ के लाडपुरा चौराहे पर तेज गति से आ रहे सीमेंट के टैंकर ने आगे चल रहे टैंकरों को टक्कर मार दी।टक्कर के कारण तीन गाड़ियों में भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टैंकर चालक आग की चपेट में आ गया और जिंदा जलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया।

इस मामले में पुलिस ने चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग के प्रयास में टैंकर आपस में टकरा गए, जिससे यह भीषण हादसा हुआ।

# बदली आवाज, बढ़ाया वजन, जाट में 'रणतुंगा' के लिए रणदीप हुड्डा ने किया बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन



सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर अपकमिंग फिल्म 'जाट' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में हुड्डा के किरदार का नाम 'रणतुंगा है, जो खतरनाक खलनायक है। किरदार के लिए हुड्डा ने वजन बढ़ाने के साथ ही अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर भी कमाल का काम किया है।

प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, खलनायक हो या हीरो का किरदार, रणदीप उसमें डूब जाते हैं और जीवंत करने के लिए खूब मेहनत करते हैं। 'जाट' भी इससे अलग नहीं है और अपने खलनायक किरदार रणतुंगा को मजबूत करने के लिए वह पहले दिन से ही जुटे हुए हैं।

उन्होंने बताया, रणदीप हुड्डा ने अपने किरदार के लिए बाल बढ़ाए और अपनी बॉडी पर काम किया ताकि उनका किरदार अधिक खतरनाक दिख सके। यह पहली बार नहीं है जब रणदीप ने ट्रांसफॉर्मेशन किया है। इससे पहले अभिनेता साल 2016 में आई फिल्म 'सरबजीत' और 2024 में रिलीज फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' की भूमिका निभाने के लिए भी परिवर्तन किए थे।सूत्र ने बताया, चाहे वह 'सरबजीत' हो, 'स्वतंत्र वीर सावरकर' हो या 'जाट', रणदीप कभी भी किरदार में जान डालने से पीछे नहीं हटते। फैंस उनके इस अंदाज को पसंद भी करते हैं। रणतुंगा के रूप में भी इस बार प्रशंसकों को कुछ नया और बेहतरीन मिलेगा।

रणतुंगा को लेकर रणदीप ने बताया था कि उन्होंने इससे पहले भी नेगेटिव रोल किए हैं, लेकिन रणतुंगा का किरदार बहुत खतरनाक है। रणदीप ने कहा, रणतुंगा मेरी किसी भी नकारात्मक भूमिका से ज्यादा खतरनाक है। वह हिंसक, विक्षिप्त और चीजों को लेकर बहुत क्रूर है।

'जाट' का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। इसमें रणदीप हुड्डा, सनी देओल के साथ विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने फिल्म का निर्माण किया है, जो सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

## 29 साल बाद सिनेमाघरों में फिर उतरेगी घातक, तालियों से गूंजेंगे सिनेमाघर



सनी देओल 'जाट' से पहले थिएटर्स में अपनी सुपरहिट फिल्म घातक से फिर धूम मचाने आ रहे हैं। सनी ने सोशल मीडिया पर आकर फैंस को यह खुशखबरी दी। सनी ने फिल्म की री-रिलीज डेट का खुलासा किया है।'घातक' 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस पोस्ट के कैप्शन में सनी ने लिखा है, खुद को तैयार कर लो, क्योंकि कल्ट क्लासिक फिल्म आ रही है, रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के तहत घातक एक बार फिर स्क्रीन पर आ रही है, 21 मार्च 2025 को फिल्म बिग स्क्रीन पर आ रही है।उल्लेखनीय है कि 'घातक' को राजकुमार संतोषी ने निर्देशित किया था। फिल्म दिवाली के मौके पर 8 नवंबर 1996 को रिलीज हुई थी। फिल्म में आरडी बर्मन, वनराज भाटिया और अनु मलिक का म्यूजिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 6.2 करोड़ रुपए के बजट में बनी फिल्म ने भारत में 15.24 करोड़ और वर्ल्डवाइड 21.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था।फिल्म में सनी ने 'काशी' की यादगार भूमिका निभाई थी और उनके अपोजिट एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि थीं। फिल्म में अमरीश पुरी ने सनी के एक बीमार पिता का रोल किया था। इसमें डैनी डेंजोगपा ने खतरनाक विलेन कातिया के रूप में दशहत मचाई थी। घातक की सफलता में सबसे बड़ा हाथ सनी देओल और डैनी के मध्य संवादों के जरिये दर्शायी गई तीखी नोंक झोक रही थी। इन दोनों के संवादों ने दर्शकों को सिनेमाघरों में तालियाँ बजाने को मजबूर कर दिया था। आगामी शुक्रवार को री रिलीज होने वाली इस फिल्म के संवादों से एक बार फिर सिनेमाघरों में तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देगी ऐसी उम्मीद है। राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित घातक में मीनाक्षी शेषाद्रि, अमरीश पुरी और डैनी डेन्जोंगपा ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई थीं। फिल्म एक ऐसे युवक की कहानी बताती है जो अपने बीमार पिता के इलाज की उम्मीद में बनारस से मुंबई आता है। वह अपने चाचा के साथ रहता है और एक महिला से प्यार करने लगता है। हालाँकि, जिस कॉलोनी में वह रहता है, उस पर एक क्रूर गैंगस्टर का कब्ज़ा है, जिससे अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई होती है। इस फिल्म को ममता कुलकर्णी पर फिल्माए गए लोकप्रिय गाने कोई जाए तो ले आए के लिए भी याद किया जाता है। घातक के दोबारा रिलीज़ होने के बाद, सनी देओल अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट जाट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है और इसने अपने प्रशंसकों के बीच पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है। क्लासिक बॉलीवुड फिल्मों के लिए दर्शकों के नए उत्साह के साथ, घातक की फिर से रिलीज़ होने से फिल्म प्रेमियों के लिए एक पुरानी यादों को ताज़ा करने वाली उम्मीद है, जिससे उन्हें एक बार फिर बड़े पर्दे पर एक्शन से भरपूर ड्रामा को फिर से जीने का मौका मिलेगा।

# गांधारी की शूटिंग खत्म, तापसी ने पढ़ा संघर्ष से संतोष का पाठ



अभिनेत्री तापसी पन्नू ने गांधारी की शूटिंग पूरी कर ली है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर तापसी ने प्रशंसकों को यह जानकारी दी। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म बेहद खास है और वह जल्द ही खास और एकदम अलग हटकर नए अंदाज में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हैं।

तापसी ने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म गांधारी के सेट से कुल चार तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में वह आंखों पर पट्टी बांधकर बच्चों के साथ खेलती नजर आईं। वहीं, दूसरी तस्वीर में वह सह-अभिनेता इश्वाक सिंह, लेखिका कनिका ढिल्लों और निर्देशक देवाशीष मखीजा के साथ पोज देती दिखीं। तापसी ने एक चॉकलेट केक की तस्वीर भी शेयर की, जिस पर 'गांधारी इट्स ए रैप' लिखा था।

तस्वीरों को शेयर करते हुए तापसी ने कैप्शन में 'गांधारी' को फिल्माने के अपने अनुभव को उतारा और इसे धैर्य, दृढ़ संकल्प और सकारात्मकता से भरपूर यात्रा के रूप में वर्णित किया। उन्होंने फिल्म को लेकर अपने जज्बात शेयर करते हुए लिखा, अगर मानव शरीर के लिए कोई एनओएस (नॉन-ओवरसैंपलिंग यानि एक प्रकार का डिजिटल-टू-एनालॉग कन्वर्टर) मोड है, तो मैंने इसे इस फिल्म में अनुभव किया है। अगर धैर्य और दृढ़ संकल्प के फ्यूल पर चलने वाली कोई चीज है, तो मैंने इसे इस फिल्म में देखा है। अगर टीम के साथ किसी लक्ष्य को पूरा करने जैसी कोई चीज है, तो इसे भी मैंने इस फिल्म में महसूस किया है।

अभिनेत्री ने चुनौतियों पर भी बात की और लिखा कि संघर्ष से ही संतोष मिलता है। उन्होंने लिखा, हर बार जब मैं कुछ अलग और चुनौतियों से भरे काम करने के बारे में सोचती हूं, तो भूल जाती हूं कि इसकी कीमत भी चुकानी होगी। जैसे बर्नआउट, लेकिन कुछ चोट आपको संतोष का एहसास कराती हैं। पूरी टीम ने फिल्म के लिए शानदार काम किया है और अपना सब कुछ दिया है। इसे जल्द ही आपके सामने लेकर आ रही हूं, 'गांधारी'।

बता दें, तापसी पन्नू 'गांधारी' में खूब एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म निर्माता-लेखिका कनिका ढिल्लों ने हाल ही में बताया कि तापसी में एक अलग तरह की फुर्ती है, वह एक्शन फिल्म के लिए परफेक्ट हैं। कनिका ने एक्शन सीन्स को बेहतरीन तरीके से निभाने के लिए तापसी की सराहना की।

'गांधारी' में तापसी पन्नू मिशन पर निकली एक ऐसी मां के किरदार में दिखेंगी, जो साहसी है। कथा पिक्चर्स के बैनर तले 'गांधारी' का निर्माण हुआ है। फिल्म का निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया है।

## सलमान-रश्मिका स्टारर सिकंदर का तीसरा गाना सिकंदर नाचे आउट

सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर सिकंदर ईद पर सिनेमाघरों में



रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बीच, निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का नया गाना सिकंदर नाचे लॉन्च कर दिया, जिसमें सलमान और रश्मिका गजब के मूव्स पर थिरकते नजर आए।इस ट्रैक में स्वैग से भरे हुक स्टेप्स हैं, जिन्हें डबके डांस फॉर्म के नाम से जाना जाता है। साथ ही गाने में एक शानदार सेटअप भी है। डबके एक अरबी लोक नृत्य है, जो लेबनान, सीरिया और जॉर्डन जैसे कई देशों में काफी लोकप्रिय है। यह आमतौर पर शादियों और अन्य समारोहों में किया जाता है।सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर नए गाने का म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, सिकंदर नाचे डांस आउट हो चुका है।

# कुली' से श्रुति हासन का नया पोस्टर आउट, गंभीर अंदाज में दिखीं अभिनेत्री

आगामी फिल्म 'कुली' के निर्माताओं ने फिल्म से श्रुति हासन का नया लुक जारी कर दिया है। प्रीति के रूप में श्रुति हासन का नया लुक गंभीर लेकिन प्रभावशाली अंदाज में सामने आया है। उनका किरदार गंभीर नजर आ रहा है।निर्माताओं ने पहले एक आकर्षक पोस्टर के साथ श्रुति के किरदार को पेश किया था। फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। 'कुली' के अलावा, श्रुति की हालिया रिलीज फिल्म 'द आई' ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल में दिल जीत रही है। हाल ही में इस फिल्म का भारतीय प्रीमियर वेंच फिल्म फेस्टिवल में हुआ, जिसे काफी प्रशंसा मिली।इससे पहले अभिनेत्री ने शेयर किया था कि वह ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित होती हैं, जिसमें प्यार, खुद की खोज शामिल होती है। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि 'द आई' ने उन्हें स्क्रीन पर इन सभी भावनाओं का सामना करने का मौका दिया। यह फिल्म ग्रीस के बैकग्राउंड पर आधारित है।प्रोजेक्ट पर विचार करते हुए श्रुति हासन ने बताया था, मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे पता चला कि यह फिल्म तो मेरे लिए ही बनी है। मैं हमेशा ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित होती रही हूं, जिसमें प्यार, आत्म-खोज का पुट हो और जो मेरे साथ गहराई से जुड़ती हैं। उन्होंने कहा, द आई में प्रतिभाशाली महिला क्रिएटिव टीम के साथ काम करके मुझे शानदार अनुभव मिला।श्रुति हासन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि वह सुबह जल्दी उठने वाली व्यक्ति नहीं हैं।तस्वीर में श्रुति कार की पिछली सीट पर बैठी नजर आ रही हैं। उनके बाल गीले हैं



और बहुत कम मेकअप में नेचुरल लुक में लग रही हैं। फोटो में वह थोड़ी गंभीर दिख रही हैं।

ग्रीस के लुभावने परिदृश्यों पर आधारित, 'द आई' में श्रुति ने डायना का रोल निभाया है। कहानी में डायना की भावनात्मक यात्रा दिखाई गई है जिसमें उनके पति का देहांत हो चुका है।

फिल्म का निर्देशन डेफ्ने शिमोन ने किया है और इसका निर्माण फिंगरप्रिंट कंटेंट ने किया है। इसकी पटकथा अवार्ड विनिंग लेखका एमिली कार्लटन ने लिखी है।

## बाबिल खान ने बताया, वह जसलीन रॉयल संग क्यों करना चाहते थे काम



अभिनेता बाबिल खान ने बताया कि वह गायिका जसलीन रॉयल के म्यूजिक वीडियो 'दस्तूर' में काम करना चाहते थे। बाबिल ने इसके पीछे कि वजह भी बताई और रॉयल के आवाज की खूब तारीफ भी की।

दिवंगत स्टार इरफान खान के बेटे बाबिल ने इंस्टाग्राम पर 'दस्तूर' म्यूजिक वीडियो के कुछ पलों की तस्वीरें शेयर कीं। बाबिल ने बताया कि रॉयल के साथ म्यूजिक वीडियो मिलने पर हर कोई खुश था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब जसलीन मेरे साथ म्यूजिक वीडियो करना चाहती थीं, तो हर कोई बहुत खुश था। हालांकि, वह एक स्टार हैं और मैं अभी सफर पर हूं।

उन्होंने लिखा, मैं उन्हें तब से जानता हूं जब वह यूट्यूब पर वीडियो बनाती थीं। मुझे उनकी आवाज पसंद है। उनके गाने सुनकर अच्छा लगता है और परेशानियां भी हल्की होती दिखती हैं। मैंने म्यूजिक वीडियो में उनके साथ काम इसलिए किया, क्योंकि जसलीन के पास ऐसी आवाज है, जो बहुत खास है।

बाबिल की पोस्ट पर कमेंट करते हुए जसलीन रॉयल ने लिखा, इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए शुक्रिया सुपरस्टार। यह हमेशा खास रहेगा।अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद बाबिल ने बॉलीवुड फिल्म 'करीब करीब सिंगल' में कैमरा असिस्टेंट के तौर पर शुरुआत की थी। साल 2022 में उन्होंने तृप्ति डिमरी के साथ अन्विता दत्त की साइको- ड्रामा 'काला' से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 'फ्राइडे नाइट प्लान' में नजर आए, जिसमें उनके साथ जूही चावला हैं। इसके बाद अभिनेता भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित सीरीज 'द रेलवे मेन' में नजर आए। सीरीज में बाबिल के साथ दिव्येंदु शर्मा, केके मेनन और आर. माधवन भी हैं।

## ऑटो रिक्शा की सवारी करते नजर आए ईशान खट्टर

अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बॉलीवुड अभिनेता ईशान खट्टर ने एक दिलचस्प पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में में वह मुंबई की सड़कों पर ऑटो रिक्शा की सवारी करते नजर आए। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ईशान ने कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिनमें उनकी दिनभर की हलचल देखी जा सकती है।पहली तस्वीर में ईशान लिफ्ट में पोज देते हुए दिखाई दिए, जबकि अगली क्लिप में वह एक ऑटो रिक्शा में सफर का आनंद लेते नजर आए। उन्होंने इस अनुभव को काफी मजेदार बताया और इसे अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया। इसके अलावा, उन्होंने अपनी फिटनेस का जलवा भी बिखेरा, जहां वह शर्टलेस होकर अपनी टोन्ड बॉडी और एब्स दिखाते दिखे। जिम में कड़ी मेहनत करते हुए उनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# शादी और बच्चे जीवन की अनिवार्यता नहीं : किम शर्मा



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री किम शर्मा ने शादी और मातृत्व को लेकर अपने विचार साझा किए। एक्ट्रेस ने कहा कि मां बनना उनकी योजना का हिस्सा नहीं है। किम का मानना है कि शादी और बच्चे को जीवन की अनिवार्यता मानने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति की निजी पसंद होनी चाहिए।

एक इंटरव्यू में किम शर्मा ने पारंपरिक विवाह और माता-पिता बनने को लेकर समाज के नजरिए पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "हमारे समाज में शादी को इस तरह देखा जाता है कि एक व्यक्ति के साथ पूरी जिंदगी बितानी ही होगी। खाना बनाना, घर संभालना, बच्चों का टिफिन तैयार करना—ये सब अनिवार्य मान लिया जाता है। लेकिन मैं कहती हूं कि अगर आप इसे कुछ सालों तक अनुभव करना चाहते हैं तो करें, अगर पूरी जिंदगी जीना चाहते हैं तो करें, और अगर नहीं करना चाहते तो मत करें।" जब उनसे यह पूछा गया कि क्या वह शादी करके बच्चे पैदा करने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने तुरंत असहमति जताई और कहा कि मां बनना उनकी प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे पैदा करने का मतलब यह नहीं होता कि वे बुढ़ापे में माता-पिता की देखभाल करेंगे।

किम ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "मैं देखना चाहती हूं कि आज के दौर में कितने बच्चे अपने माता-पिता के बुढ़ापे में उनके पैर दबा रहे हैं। सच तो यह है कि बहुत ही कम बच्चे अपने माता-पिता के लिए मौजूद होते हैं। माता-पिता अपनी पूरी जिंदगी अपने बच्चों को देते हैं, लेकिन जब उन्हें जरूरत होती है तो बच्चे अक्सर व्यस्त होने का बहाना बना लेते हैं।" किम का मानना है कि माता-पिता बनना कोई लेन-देन का सौदा नहीं है, जहां एक व्यक्ति यह सोचकर बच्चा पैदा करे कि वह उसका बुढ़ापे में सहारा बनेगा। उन्होंने कहा, अगर कोई यह सोचकर बच्चे पैदा कर रहा है कि वह बुढ़ापे में उसकी देखभाल करेगा, तो यह बेहद गलत मानसिकता है। बच्चे इस दुनिया में इसलिए नहीं आते कि वे किसी का कर्ज चुकाएं।"

## अमरूद बेचने वाली महिला की ईमानदारी से प्रभावित हुई प्रियंका

हाल ही में सोशल मीडिया पर अंतर्राष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने एक प्रेरणादायक किस्सा साझा किया। प्रियंका ने बताया कि मुंबई से विशाखापट्टनम जाते समय उनकी मुलाकात एक अमरूद बेचने वाली महिला से हुई, जिसकी ईमानदारी ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया।

उन्होंने बताया, "मैं ऐसा अक्सर नहीं करती, लेकिन आज मैं बहुत प्रेरित हुई। मैं एयरपोर्ट जा रही थी, जब मैंने सड़क किनारे एक महिला को अमरूद बेचते हुए देखा। मुझे अमरूद बहुत पसंद हैं, इसलिए मैंने उसे रोका और पूछा कि सारे अमरूद कितने के हैं। उसने कहा 150 रुपये। मैंने उसे 200 रुपये दिए, लेकिन वह मुझे 50 रुपये वापस देने की कोशिश करने लगी। प्रियंका ने आगे बताया कि जब उन्होंने महिला से कहा कि वह बाकी पैसे अपने पास रख ले, तो उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया। उसके पास खुले पैसे नहीं थे, इसलिए वह कहीं गई और थोड़ी देर बाद लौटकर प्रियंका को दो और अमरूद दे दिए। प्रियंका ने कहा, वह फ्री में पैसे नहीं चाहती थी। उसकी ईमानदारी देखकर मैं बहुत प्रभावित हुई।इस वीडियो के साथ प्रियंका ने अपनी ड्राइव की झलकियां, एयरपोर्ट के रास्ते में लिए गए कुछ स्नैपशॉट और खरीदे गए अमरूदों की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, "हाल ही में" और साथ में एक दिल वाला इमोजी भी जोड़ा।

# GREEN CARD के लिए अमेरिकी नागरिक से की शादी तो होगी जेल, इमिग्रेंट्स को ट्रंप सरकार की चेतावनी

वाशिंगटन (ए.) । अवैध प्रवासियों पर लगाम लगाने के लिए ट्रंप कई बड़े फैसले ले रहे हैं। ट्रंप के निशाने पर अब वो प्रवासी हैं, जो ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए अमेरिकी नागरिकों को शादी करते हैं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने इसे संघीय अपराध बताते हुए कहा है कि आरोपियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। एजेंसी ने कहा कि जो व्यक्ति जानबूझकर इमिग्रेशन कानूनों के किसी भी प्रावधान से बचने के लिए शादी करता है, उसे अनुच्छेद 1325 (सी) विवाह धोखाधड़ी कानून के तहत 5 साल तक जेल की सजा हो सकती है। बता दें कि अमेरिका में नागरिकता पाने का सबसे आसान तरीका शादी ही है। कई मामले सामने आए हैं जहां, अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए विदेशी नागरिक अमेरिकी लड़की से शादी करते हैं फिर तलाक ले लेते हैं।




ट्रंप प्रशासन के मुताबिक, अब अगर कोई विदेशी व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे करोड़ों रुपए तक जुर्माना और निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने आम लोगों से भी विवाह धोखाधड़ी या इमिग्रेशन का गलत फायदा उठाने वाले लोगों का सुराग देने को कहा है।इसके अलावा अमेरिकी प्रशासन ने अमेरिका में रहने वाले अप्रवासियों के लिए एक चेतावनी जारी की है, जिसने लाखों-करोड़ों लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिकी सरकार के विभाग ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया है। विभाग ने इस पोस्ट में लिखा है, "वीजा जारी होने के बाद यू.एस. वीजा स्क्रीनिंग बंद नहीं होती है। हम वीजा होल्डरों की लगातार जांच करते हैं ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि वे अमेरिका के सभी कानूनों और इमिग्रेशन नियमों का पालन करते हैं। अगर कोई भी वीजा होल्डर अमेरिका के सभी कानूनों और इमिग्रेशन के नियमों का पालन नहीं करता है तो हम उनके वीजा रद कर देंगे और उन्हें डिपोर्ट कर देंगे।

# गहरे संकट में पाकिस्तान, देश की अखंडता के साथ-साथ चीन की दोस्ती खोने का डर

इस्लामाबाद (ए)। बलूचिस्तान पाकिस्तान के लिए न सुलझने वाली गुत्थी बनता जा रहा है। प्रांत में अलगववादी चरमपंथियों की कार्रवाईयों ने सरकार को हिला कर रख दिया है। इस प्रदेश में बढ़ती हिंसा न सिर्फ सुरक्षा के नजरिए से बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी पाकिस्तान को बड़ा जख्म दे सकती है। चीन ने यहां बड़े पैमाने पर निवेश किया है लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि हाल की हिंसक घटनाओं के बाद क्या बीजिंग अपने कदम पीछे खींच सकता है।पाकिस्तान के भूमि क्षेत्र का लगभग 44त्न हिस्सा बलूचिस्तान का है। यह अफगानिस्तान और ईरान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा भी साझा करता है। इस प्रांत में केवल 5त्न कृषि योग्य जमीन है। यह अत्यंत शुष्क रेगिस्तानी जलवायु के लिए जाना जाता है लेकिन इसे प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है। इसके बावजूद विकास की दौड़ में सबसे पीछे रह गया है। इस प्रांत में तांबा, सोना, कोयला और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं, जो पाकिस्तान की



खनिज संपदा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और मध्य एशिया को जोड़ने वाली अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, बलूचिस्तान एक भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहमियत रखता है।बलूचिस्तान की भू-रणनीतिक अहमियत के कारण चीन की मत्वकांक्षी परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का एक बड़ा हिस्सा इसी प्रांत में है।

## ट्रंप का एक और बड़ा फैसला, 5,30,000 लोगों का लीगल स्टेटस छीना; इन 4 देशों के लोगों को छोड़ना पड़ेगा अमेरिका

वाशिंगटन (ए) । जब से अमेरिका की कमान ट्रंप के हाथों में आई है वे दिन व दिन नए फैसलों को लेकर चर्चा में रह रहे हैं। अब डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि वो संयुक्त राज्य अमेरिका में



क्यूबाई, हैती, निकारागुआ और वेनेज़ुएला के कानूनी संरक्षण को रद्द करेगा। इस फैसले का असर यह होगा कि संभवत: 530,000 लोगों को करीब एक महीने के अंदर अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

ट्रंप अवैध प्रवासियों पर लगातार अपनी कार्रवाई तेज कर रहे हैं। इन चार देशों के अप्रवासी अक्टूबर 2022 में फाइनेंसियल स्पॉन्सर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में आए थे। इन्हें अमेरिका में रहने और काम करने के लिए दो साल का परमिट दिया गया था। अब होमलैंड सुरक्षा विभाग ने ऐलान किया है कि ऐसे लोग 24 अप्रैल को संघीय रजिस्टर में नोटिस प्रकाशित होने के 30 दिन बाद अपने लीगल स्टेटस को गंवा देंगे।इस कदम का व्यापक असर माना जा रहा है. पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में इन प्रवासियों को दो साल की पैरोल दी गई थी, जो अब प्रभावी रूप से समाप्त हो गई है. चारों देशों के नागरिकों को अमेरिकी स्पॉन्सर के साथ हवाई मार्ग से अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति मिली थी.अमेरिका में मानवीय पैरोल सिस्टम लंबे समय से चला आ रहा है, जिसका उपयोग राष्ट्रपतियों ने उन देशों के लोगों को अनुमति देने के लिए किया है जहां युद्ध या राजनीतिक अस्थिरता है। ऐसे में ये लोग अमेरिका में प्रवेश कर सकते हैं और अस्थायी रूप से रह सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने अब इसे समाप्त करने का निर्णय लिया है।

## लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से परिचालन शुरू




लंदन(ए.)। सबसे व्यस्त हवाईअड्डे- हीथ्रो पर आंशिक परिचालन शुरू हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से शुक्रवार देर रात करीब 11.40 बजे (भारतीय समय) जारी बयान के मुताबिक, लगभग 18 घंटे तक परिचालन बाधित रहने के बाद देर रात पहले विमान की सुरक्षित लैंडिग कराने में सफलता मिली। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने देर रात जारी एक बयान में कहा, हालात सामान्य हों, इसके लिए हमारी टीमें अथक प्रयास कर रही हैं। हीथ्रो कुछ उड़ानें सुरक्षित रूप से शुरू करने में सक्षम हो गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले लंदन आने वाली उड़ानों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा दूसरे देशों से आने वाले विमान जिनका मार्ग बदला है, उन्हें भी तरजीह मिलेगी। हवाई अड्डे की यात्रा न करें। प्रवक्ता ने यात्रियों को एयरलाइन से ताजा सूचना लिए बिना हीथ्रो न आने की सलाह भी दी।

## फिर कुछ बड़ा होने वाला हैं बांग्लादेश में, सेना को राजधानी ढाका में आने को कहा गया

ढाका (ए.)। बांग्लादेश की सेना ने ढाका में बड़ी संख्या में बख्तरबंद वाहनों और सैनिकों को बुलाया है। रिपोर्ट के अनुसार, सेना की हर ब्रिगेड से 100 सैनिकों को ढाका पहुंचने को कहा गया है। ये घटनाक्रम तब हुआ है, जब बांग्लादेश की सेना और हसीना विरोधी आंदोलन की अगुवाई कर रहे संगठन स्टूडेंट अगेंस्ट्र डिस्क्रिमिनेशन के बीच संबंधों में दरार की खबरें आई है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सावर स्थित सबसे महत्वपूर्ण 9वीं डिवीजन के सैनिकों ने क्रमिक तरीके से ढाका में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से कहा है कि सेना देश को अपनी पकड़ मजबूत करने में कुछ और दिन लग सकते है। बांग्लादेश की सेना के पास डिवीजन आकार की 10 क्षेत्रीय कमान है, जिसमें ब्रिगेड की कोई निश्चित संख्या नहीं है। 9वीं इंफैंट्री डिवीजन सावर में स्थित है, जबकि एक अन्य महत्वपूर्ण 19वीं इन्फैंट्री डिवीजन घाटैल में तैनात है।

बांग्लादेश सेना की सक्रियता स्थानीय सरकार, ग्रामीण विकास और सहकारिता मंत्रालय के सलाहकार आसिफ महमूद शाजिब भुइयां के खुलासे के बाद हुई है। भुइयां ने वीडियो में दावा किया था कि सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार नियुक्त करने पर अनिच्छा से सहमति जाहिर की थी। पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो को शुक्रवार को जारी किया गया था। इससे पहले एक अन्य प्रभावशाली छात्र नेता हसनत अब्दुल्ला ने 11 मार्च को जनरल जमान के साथ गुप्त बैठक के बाद सेना प्रतिष्ठान के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की धमकी थी। कहा गया था कि जनरल जमान ने सुझाव दिया था कि बांग्लादेश में चुनाव होने पर शेख



हसीना की अवामी लीग राजनीति में वापस आ सकती है और चुनाव भी लड़ सकती है।

हालांकि, अब्दुल्ला और भुइयां ने नहीं बताया कि उन्होंने जनरल जमान के साथ बातचीत को सार्वजनिक करने के लिए दो सप्ताह से अधिक समय का इंतजार क्यों किया, लेकिन अब्दुल्ला ने अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना की वापसी का रास्ता खोलने के लिए सेना के अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की धमकी दी। भुइयां के खुलासे और अब्दुल्ला की पोस्ट के तुरंत बाद बांग्लादेश की तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक वर्चुअल बैठक की, जिसका उद्देश्य निकट भविष्य में छात्रों के एक और विद्रोह की आशंका में कदम उठाना था। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सेना मजबूत कदम उठाएगी या नहीं। इस बीच 26 मार्च से मोहम्मद यूनुस तीन दिनों की चीन यात्रा पर जा रहे हैं।

### इजराइली सेना ने गाजा के एकमात्र कैंसर अस्पताल को भी उड़ाया

गाजा पट्टी,(ए.)। इजराइली सेना गाजा पट्टी में घुस गई है और उसने युद्धग्रस्त क्षेत्र के एकमात्र कैंसर अस्पताल को भी नष्ट कर दिया है। इजराइली नेताओं ने कहा है कि जब तक हमास उसके बंधकों को रिहा नहीं करता, तब तक इजराइल अधिक क्षेत्र पर कब्जा करता रहेगा। यह अस्पताल गाजा को विभाजित करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में स्थित है।

हमास के साथ युद्धविराम तोड़ने के कुछ ही समय बाद इस सप्ताह इजराइल ने क्षेत्र को फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया है। इस युद्धविराम के कारण जनवरी के अंत से गाजा में अपेक्षाकृत शांति रही और दो दर्जन से ज्यादा बंधकों की रिहाई मिली। इजराइली सेना ने कहा कि उसने तुर्की-फलस्तीनी मैत्री अस्पताल पर हमला किया क्योंकि युद्ध के दौरान चिकित्सक और मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे थे और हमास के लड़ाके वहां से अपनी लड़ाई लड़ रहे थे।

अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग ने कहा कि युद्धविराम के दौरान एक चिकित्सिय टीम ने अस्पताल का दौरा किया था और पाया कि वहां कुछ क्षति हुई थी। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह यह समझने में असमर्थ हैं कि ऐसे अस्पताल को बम से उड़ाने से क्या हासिल होगा? तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने इस अस्पताल को नष्ट किए जाने की निंदा की है।

## खेल समाचार

# आईपीएल 2025 : खिलाड़ियों की बदमिजाजी नहीं होगी बर्दाश्त, आईपीएल में 5 मैचों के लिए लग सकता है बैन

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों और टीमों के लिए नियमों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इन बदलावों में सबसे प्रमुख है स्लो ओवर रेट के लिए कप्तानों पर लगने वाले बैन को हटाना। बीसीसीआई ने इसकी जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है।

हालांकि, यह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम केवल स्लो ओवर रेट तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पूरे कोड ऑफ कंडक्ट में शामिल किया गया है। इसके तहत खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को भी नियमों का उल्लंघन करने पर डिमेरिट पॉइंट मिलेंगे, जिसके आधार पर उन पर 5 मैचों तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 सीजन से पहले मुंबई में बीसीसीआई अधिकारियों ने सभी 10 फ्रेंचाइजी के कप्तानों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में कप्तानों को कोड ऑफ कंडक्ट में किए गए इन महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी गई। यह नए नियम इस सीजन से ही लागू होंगे और प्लेइंग कंडिशंस का हिस्सा होंगे।

अभी तक आईपीएल में खिलाड़ियों द्वारा किसी भी तरह



की बदसलूकी या गलत व्यवहार करने पर मैच रेफरी द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। लेकिन अब खिलाड़ियों को जुर्माने के साथ-साथ डिमेरिट पॉइंट भी मिलेंगे, जो उनके लिए प्रतिबंध का कारण बन सकते हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अब किसी भी खिलाड़ी या टीम द्वारा कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट दिए जाएंगे। यह डिमेरिट पॉइंट खिलाड़ी या टीम के खाते में पूरे 36 महीने यानी 3 साल तक बने रहेंगे और इसी के आधार पर सजा निर्धारित की जाएगी।

नए नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो उस पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और 1 डिमेरिट पॉइंट लगाया जा सकता है। लेवल-2 के उल्लंघन पर 3 से 4 डिमेरिट पॉइंट जुड़ेंगे। वहीं, लेवल-3 के उल्लंघन के लिए 5 से 6 डिमेरिट पॉइंट और लेवल-4 के उल्लंघन के लिए 7 से 8 डिमेरिट पॉइंट दिए जाएंगे।

अब बात करते हैं कि कितने डिमेरिट पॉइंट पर खिलाड़ी को कितनी सजा मिलेगी। कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 7.6 के अनुसार, यदि किसी खिलाड़ी के खाते में 4 से 7 डिमेरिट पॉइंट जुड़ते हैं, तो उसे एक मैच के लिए निलंबित किया जाएगा। 8 से 11 डिमेरिट पॉइंट होने पर यह निलंबन 2 मैचों का हो जाएगा। यदि कोई खिलाड़ी 3 साल की अवधि में 12 से 15 डिमेरिट पॉइंट अर्जित करता है, तो उस पर 3 मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। वहीं, अगर किसी खिलाड़ी के डिमेरिट पॉइंट 16 या उससे अधिक होते हैं, तो उसे अधिकतम 5 मैचों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।

### सरफराज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिल सकता है अवसर

नई दिल्ली (ए)। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेल पाये। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है।

## मशहूर हैवीवेट बॉक्सर फॉरमैन का निधन, परिवार ने की पुष्टि



वाशिंगटन,(ए)। मशहूर हैवीवेट बॉक्सर जॉर्ज फॉरमैन का निधन हो गया है वह 76 वर्ष के थे, उनके परिवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की है। बिग जॉर्ज के नाम से मशहूर फॉरमैन ने 1960 के दशक में बॉक्सिंग में करियर शुरु किया था। उन्होंने ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता और दो बार विश्व हैवीवेट चैंपियन बने।उनकी पहली हार 1974 में मोहम्मद अली के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबले में हुई थी, जिसे 'द रंबल इन द जंगल' नाम दिया गया था। फॉरमैन के परिवार की ओर से कहा गया कि हमारा दिल टूट गया है। उन्होंने अपनी जिंदगी अटूट विश्वास, विनम्रता और उद्देश्य से भरी हुई जी है।

### आईपीएल 2025 : एक बार फिर दमदार नजर आ रही है मुंबई इंडियंस, जानें टीम की ताकत और कमजोरी

नई दिल्ली (ए.)। मुंबई इंडियंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे सफल टीम में शामिल है। हालांकि पिछले कुछ सीजन मुंबई इंडियंस के लिए बहुत अच्छे नहीं रहे हैं



और पिछले सीजन में तो उनके लिए रोहित शर्मा को हटाने का फैसला भी फैंस के गले पूरी तरह से नहीं उतरा था। इसका प्रभाव कहीं न कहीं टीम के मनोबल पर भी पड़ा। लेकिन आईपीएल 2025 में एमआई पुरानी अस्थिरता को पीछे छोड़कर एक दमदार सीजन के लिए तैयार नजर आ रही है।

पिछले चार सीजन में दो बार अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर नजर आने वाली एमआई इस बार कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरपूर है। हार्दिक इस दौरान दो बार आईसीसी प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर चुके हैं। टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत हार्दिक पांड्या के अहम रोल और रोहित शर्मा की कप्तानी में विजयी बना है। हार्दिक के साथ रोहित एमआई लीडरशिप का अहम हिस्सा हैं। फैंस में हार्दिक की स्वीकार्यता बढ़ी है और टीम ने नीलामी में जो खिलाड़ी रिटेन किए हैं, उससे पता चलता है कि एमआई के कोर ग्रुप में हार्दिक पांड्या की कप्तानी को लेकर सहजता है।एमआई ने इस बार नीलामी में ट्रेंट बोल्ट को लेकर जसप्रीत बुमराह के साथ बेहतरीन पेस अटैक बनाया है। अगर पिछले दो सीजन में इन दोनों गेंदबाजों का पावरप्ले इकोनमी रेट केवल 6.5 का रहा है, जो दिखाता है कि दोनों की जोड़ी कितनी जबरदस्त साबित हो सकती है।

### राजस्थान के खिलाफ हैदराबाद जीत का दावेदार

**– आईपीएल में 300 रन का आंकड़ा छूने की क्षमता सिर्फ सनराइजर्स हैदराबाद के पास**

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल 2025 में रविवार 23 मार्च को दो मुकाबले होने है पहला मुकाबला सनराइस हैदराबाद और राजस्थान रॉयल के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला दोपहर 3.30 बजे शुरु होगा। अपने घरेलू मैदान पर पहला मैच खेल रही सनराइजर्स को जीत का प्रवल दावेदार माना जा रहा हैं। वहीं यह भी कहा जा रहा हैं कि अगर कोई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 300 के जादुई आंकड़े को छू सकती है, तो वह सनराइजर्स हैदराबाद है। इस टीम के पास विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और अनुभवी गेंदबाज हैं, जो किसी भी टीम को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं।सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन मौजूद हैं। ये खिलाड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करने की ताकत रखते हैं। पिछले सत्र में सनराइजर्स ने तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बनाया था, जिसमें आरसीबी के खिलाफ 287, मुंबई के खिलाफ 277 और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 266 रन शामिल हैं।

# आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम में जगह बनाना चाहते हैं सैम करन



मुम्बई (ए.)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सैम करन का लक्ष्य आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम में वापसी करना है। करन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम में शामिल है। करन ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के बाद से इंग्लैंड के लिए नहीं खेला है। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली थी। इस क्रिकेटर ने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य अब इंग्लैंड टीम में वापसी करना है। इसके लिए मुझे आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। साथ कहा कि इंग्लैंड के साथ मुझे लगता है कि मुझे कभी भी सही भूमिका नहीं मिली है। मुझे लगता है कि अगर मैं इंग्लैंड के साथ अपनी भूमिका सही से निभा पाया, तो मैं टीम में जगह पककी कर पाउंगा।

करन ने कहा, मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं। मैं अभी भी काफी युवा हूं और मुझे लगता है कि जब कमजोर चीजों को संभालने की बात आती है तो मैं परिपक्व हो गया हूं। थोड़ा और अनुभवी होने के नाते, हालातों को बेहतर ढंग से समझने के कारण, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मैं टीम में वापस आ सकता हूं। ऐसा करने का केवल एक ही तरीका है और वह है अच्छा प्रदर्शन। सीएसक को 23 मार्च को चेन्नई में मुंबई इंडियंस से खेलना है। आईपीएल 2025 में करन का सीएसके के साथ ये तीसर साल है। इससे पहले वह 2020 और 2021 सीजन में उसकी ओर से खेले हैं। उन्होंने मैकुलम द्वारा दिए गए फीडबैक के बारे में भी बात की कि उन्हें इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल योजना से क्यों बाहर रखा गया। उन्होंने कहा, जब मुझे बाहर रखा गया था, तब मैकुलम ने मुझे शुरुआत में बुलाया था, वह स्पष्ट और ईमानदार थे, और मैं इसका सम्मान करता हूं। मैंने उनके अधीन कभी काम नहीं किया है, लेकिन वह जो वह चाहते हैं बहुत ईमानदार और स्पष्ट दिखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अभी वहां नहीं रहूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दरवाजा बंद हो गया है। यह दूर जाने, वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने और प्रदर्शन करने के बारे में है।

## विश्व का सबसे अमीर क्रिकेटर है एक भारतीय

नई दिल्ली (ए.)। भारत ही नहीं विश्व का सबसे धनी क्रिकेटर एक भारतीय है पर उसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ये और कोई नहीं आर्यमन बिड़ला हैं जो बिड़ला समूह के प्रमुख कुमारमंगलम बिड़ला के बेटे हैं। आर्यमन ने मध्य प्रदेश की ओर से घरेलू क्रिकेट खेला है। इस क्रिकेटर ने अपना अंतिम फर्स्ट क्लास मैच जनवरी 2019 में इंदौर में आंध्र प्रदेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह अपने कारोबार में लग गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार आर्यमन की नेटवर्थ लगभग 70,000 करोड़ है। जो सचिन तेंदुलकर की कुल संपत्ति से लगभग 6 गुना ज्यादा है। दो दशक से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले सचिन की नेटवर्थ लगभग 1200 करोड़ है। वहीं विराट कोहली ने कोहली की कुल नेटवर्थ लगभग 1000 करोड़ है।

# मध्य प्रदेश सरकार बेहतरीन एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल

### मंत्री श्री पटेल ने किया 9 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल एवं 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन





नर्मदापुरम ( निप्र) । शनिवार को सोहागपुर में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा 9 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल तथा ग्राम सोनपुर में 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय अस्पताल सोहागपुर प्रांगण में किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में संचालित शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर इसे सिविल अस्पताल में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में लोक सभा सांसद नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया शामिल रहे। साथ ही, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रीति शुक्ला रहीं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार बेहतरीन एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के आम बजट में से लगभग 22 हज़ार करोड़ रुपए केवल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निश्चित किया गया है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है की 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाए जाने के लिए उनके द्वारा आयुष्मान भारत योजना प्रारंभ की गई तथा देश के विभिन्न स्थानों में आयुष्मान मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। इस दौरान उन्होंने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनकी सक्रियता का ही प्रतिफल है कि क्षेत्र को पूर्व में उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं वर्तमान में सिविल अस्पताल तथा अन्य सुविधाएं निरंतर प्राप्त हो रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने अपने जन्म स्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि सिविल अस्पताल की सौगात हमारे क्षेत्र को ही मिल गई है क्योंकि मेरा जन्म स्थान भी नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के निकट ही है। स्वास्थ्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिस प्रकार नरेंद्र मोदी ने केंद्र से विकास की गंगा बहाई है, उसका उतना ही लाभ सोहागपुर क्षेत्र को भी मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और 12 और मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मोड पर खोलने की योजना है। सरकार का लक्ष्य है कि भविष्य में प्रदेश में 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित किए जाएं ताकि राज्य को अधिक प्रशिक्षित डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मिल सकें। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के दौरान सोनपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन भी किया गया है जिसमें एएनएम एवं सीएचओ के केंद्र पर ही निवास की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के दौरान मंच के माध्यम से मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शासन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम एवं सुचारू बनाने के लिए समाज के लोगों को भी योगदान देना चाहिए, उन्होंने कहा कि मंत्री, विधायक, सांसद भी समाज के ही घटक हैं। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का काम है स्वास्थ्य सुविधाओं को हर नागरिक तक पहुंचाया जाए, इसलिए आज सोहागपुर में यह 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की सौगात मिली है जिसका भूमि पूजन मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया। लेकिन मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि अस्पताल के एक भी बिस्तर कभी भी ना भरे, सभी लोग निरोगी रहें तथा स्वस्थ रहें। उन्होंने बताया कि हमारे स्वास्थ्य सेवाओं की ताकत कोविद कल के समय भी देखी गई है। जहां हमारे स्वास्थ्य अमले ने महामारी का डट कर सामना करा, तथा यह हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही उदाहरण है कि देश में कोविड वैक्सीन को बनाया गया एवं उसे निशुल्क आम लोगों तक पहुंचाई गई। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है कि प्रदेश को स्वर्णिम प्रदेश के रूप में विकसित किया जाए तथा विधायक विजयपाल सिंह भी पूरे विधानसभा क्षेत्र को स्वर्णिम एवं आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं।

## राठवा जनजाति में विभिन्न पर्व-त्योहारों, अनुष्ठानों एवं अन्य खुशियों के अवसरों पर नृत्य की समृद्ध परम्परा है



**पचमढ़ी में आयोजित तीन दिवसीय संपदा समारोह में प्रदेश के जनजातीय नृत्यों के साथ अन्य राज्यों के नृत्य, लीला नाट्य और प्रदर्शनी का संयोजन**

नर्मदापुरम (निप्र)। पारम्परिक कलाओं का समारोह सम्पदा का आयोजन 21 से 23 मार्च 2025 सायं 6.30 बजे से ओल्ड होटल ग्राउण्ड-पचमढ़ी (नर्मदापुरम) में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 22 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश के बैगा और गोण्ड गुजरात की राठ, तेलंगाना की गोण्डकोया, महाराष्ट्र की धनगर और उड़ीसा की कंध जनजातियों के नृत्य के साथ भक्तिमती शबरी: लीला नाट्य / प्रदर्शनी का संयोजन किया गया। इस प्रस्तुति का निर्देशन संजय गर्ग, जबलपुर द्वारा किया गया है। साथ ही समारोह में भक्तिमति शबरी, निषादराज गुह्य एवं वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन ओर अवदान केंद्रित प्रदर्शनी का संयोजन किया गया है। समारोह में निदेशक, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। गतिविधि में पद्मश्री अर्जुन सिंह धुर्वे द्वारा बैगा जनजातीय नृत्य घोड़ी पैठाई/परघौनी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बैगा समुदाय के द्वारा विभिन्न अवसरों पर करमा, दशहरा, बिलमा, परघौनी, घोड़ी पैठाई जैसे नृत्य किये जाते हैं। दशहरे के अवसर पर विशेष रूप से घोड़ी पैठाई नृत्य किया जाता है। 'परघौनी नृत्य' विवाह के अवसर पर बारात की अगवानी के समय किया जाता है। इसी अवसर पर वर पक्ष की ओर से आँगन में हाथी बनाकर नचाया जाता है,जो यह संकेत करता है कि इसमें प्रसन्नता की अभिव्यक्ति ही मुख्य ध्येय है, लालित्य की चेष्टा गौण।प्रस्तुति के अगले क्रम में बनसिंह भाई राठवा एवं साथी, गुजरात द्वारा राठ नृत्य की प्रस्तुति दी। राठवा गुजरात की एक प्रमुख जनजाति है। मध्यप्रदेश की सीमा से लगे गुजरात क्षेत्र में राठवा बहुतायत से निवास करते हैं। राठवा मुख्यत: मध्यप्रदेश में भील जनजाति की उपजाति है। गुजरात में भी भील एवं राठवा जनजाति निवास करती हैं। राठवा जनजाति में विभिन्न पर्व-त्योहारों, अनुष्ठानों एवं अन्य खुशियों के अवसरों पर नृत्य की समृद्ध परम्परा है। राठवा जनजाति का नृत्य भील जनजाति नृत्य से ज्यादा पृथक तो नहीं है, परन्तु राठवा जनजाति के नृत्य में गति अधिक है। लय एवं ताल के समन्वय में भी गुजरात की छवि को महसूस किया जा सकता है। समारोह में महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा धनगरीगजा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद काथले श्रीधर एवं साथी, तेलंगाना द्वारा गोण्डकोया जनजाति का कोम्मूकोया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। "कोम्मू " का अर्थ है 'सींग' और 'कोया' जनजाति को संदर्भित करता है।

## इटारसी एसडीएम ने विस्थापित ग्राम में रबी फसल पंजीयन शिविर का किया निरीक्षण

### पेयजल व राजस्व संबंधी विषयों पर दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र) कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों के परिपालन में इटारसी एसडीएम टी. प्रतीक राव ने आज तहसीलदार, नायब तहसीलदार इटारसी, सीईओ केसला, वन रक्षक के साथ ग्राम नया पोडार (विस्थापित ग्राम) में रबी फसल पंजीयन शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं एवं चना की फसल के पंजीयन से जुड़े किसानों एवं ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, वन ग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन के तहत हिरण चापड़ा में चल रहे जीटी कार्य का निरीक्षण किया गया और इसमें आ रही समस्याओं का परीक्षण किया।एसडीएम ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार इटारसी, सीईओ केसला/नर्मदापुरम, सीएमओ इटारसी एवं एसडीओ पीएचई को निर्देशित किया कि गर्मी के दौरान पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही, गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रत्येक पंचायत में पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

## आज प्रातः 08:00 बजे से 12:00 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगी बाधित

### 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र रसूलिया नर्मदापुरम का किया जाएगा मेंटेनेंस




नर्मदापुरम(निप्र)। प्रबंधक(जोन 2) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया है कि 23 मार्च रविवार को प्रात: 08 बजे से 12 बजे तक 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र रसूलिया नर्मदापुरम में अति आवश्यक रख रखाव कार्य किया जायेगा। मेंटेनेंस के दौरान संपूर्ण नर्मदापुरम नगर एवं संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी।

## हरदा जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

### नलकूप व हेण्डपम्प खनन के लिये अब लेना होगी अनुमति



हरदा (ए)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 एवं संशोधित अधिनियम 2022 के तहत हरदा जिले को 31 जुलाई 2025 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार सम्पूर्ण हरदा जिले में नलकूप व हैण्डपम्प के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब बिना सक्षम अनुमति के कोई भी व्यक्ति प्रायवेट ट्यूबवेल या हैण्डपंप का खनन नहीं कर सकेगा और इस अवधि के दौरान बिना सक्षम अनुमति के जल स्रोतों से कृषि हेतु सिंचाई तथा औद्योगिक कार्य हेतु उपयोग नहीं किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाकर दंडित किया जायेगा। नलकूप खनन एवं सिंचाई की अनुज्ञा जारी करने के लिये संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि आगामी ग्रीष्मकाल में अत्याधिक गर्मी व तापमान संभावित होने के फलस्वरूप जल स्तर में अधिक गिरावट संभावित है। गिरते भू-जल स्तर को ध्यान में रखते हुये म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत निजी नवीन नलकूप खनन तथा जल स्रोतों से सिंचाई पर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

## शासकीय ज्ञानोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 23 को

नर्मदापुरम (निप्र)। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुमरम ने बताया कि अनुसूचित जाति विकास विभाग म.प्र.भोपाल द्वारा शासकीय ज्ञानोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 23 मार्च 2025 (रविवार) को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। जिला नर्मदापुरम अंतर्गत उक्त प्रवेश परीक्षा शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, बी.टी.आई नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र विभागीय बेवसाईट-https:www.tribal.mp.gov. in/ mptaascs के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये छात्राओं का किया टीकाकरण



हरदा(निप्र)। कलेक्टरआदित्य सिंह के निर्देशन में शनिवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रहटगांव की 9 से 14 वर्ष की 24 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र परिहार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्ष पटेल तथा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सोनिया आनंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि 9 से 14 साल की बालिका को एचपीवी वेक्सीन के 2 डोज देने होते है, जिससे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस की वजह से होने वाले गर्भाशय के सर्वाइकल कैंसर से बचाव होता हैं।

## मध्यप्रदेश कबड्डी टीम में हुआ सीहोर जिले की बेटी का चयन

सीहोर(निप्र)। भैरूंदा जनपद के ग्राम पिपलानी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कु. बसकर परतें का चयन बिहार में होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप की मध्यप्रदेश टीम में हो गया है। बालिका बसकर परतें के चयन से पूरे क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा के साथ ही खेलो के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयनित होकर कुमारी बसकर ने अपने गांव एवं अपने जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षकों तथा ग्रामवासियों ने कुमारी बसकर को बिहार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए विदा किया। इस अवसर पर देवी सिंह धुर्वे, श्रीमती दुलारी बाई धुर्वे, प्राचार्य अमन मालवीय सहित ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने कुमारी बसकर को सम्मानित भी किया।

## तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र निर्धारित कृषक 25 मार्च से 20 अप्रैल 2025 तक करा सकेंगे पंजीयन

नर्मदापुरम (निप्र)। म.प्र. शासन, किसान कलयाण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल अनुसार खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) मे ई उपार्जन पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन हेतु पंजीयन कार्य के लिये पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया जाना है। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा ई उपार्जन पोर्टल पर कृषकों के पंजीयन हेतु पूर्व में जिले मे गेहूँ उपार्जन कार्य हेतु 132 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। उक्त निर्धारित गेहूँ पंजीयन केन्द्रों (132) पर ही 25 मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक तुअर के उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए है।

## 30 एवं 31 मार्च को पुस्तक एवं गणवेश मेले के साथ होगा करियर काउंसलिंग का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन 30 एवं 31 मार्च 2025 को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें करियर मार्गदर्शन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। करियर काउंसलिंग सत्र का संचालन पूर्व प्रशिक्षित करियर काउंसलिंग मास्टर ट्रेनर एवं नर्मदापुरम के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में नियुक्त करियर काउंसलर द्वारा किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को कक्षा 10वीं के बाद विषय चयन, कक्षा 12वीं के बाद उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक कोर्स, NEET, JEE, IIT, CLAT, नर्सिंग एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा की तैयारी और रोजगार के अवसरों से अवगत कराया जाएगा।मेले में करियर काउंसलिंग स्थल पर प्रत्येक स्कूल के प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय का फ्लेक्स लगाया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को उनके विद्यालय की करियर काउंसलिंग सुविधाओं की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही, यूनिलर्न पोर्टल के माध्यम से करियर काउंसलिंग प्रक्रिया को समझाया जाएगा।इस पूरे आयोजन के नोडल अधिकारी एडीपीसी राजेश गुप्ता होंगे, जबकि प्राचार्य विक्रम कुमार नरवरिया इस कार्यक्रम के प्रमुख समन्वयक रहेंगे।

## जल संरक्षण के लिए सामाजिक सहभागिता आवश्यक : कार्यपालक निदेशक

### विश्व जल दिवस पर भोपाल के छोटा तालाब पर जन अभियान परिषद ने किया श्रमदान



बैतुल (ए.)। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को गिन्नौरी मंदिर घाट भोपाल पर श्रमदान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड उपस्थित थे। इस अवसर परअमिताभ श्रीवास्तव संभाग समन्वयक राज्य कार्यालय, वरुण आचार्य संभाग समन्वयक भोपाल की भी उपस्थिति रही। कार्यपालक निदेशक डॉ. लाड ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें प्रकृति की चिंता भी अपने परिवार की तरह ही करनी चाहिए। जिस प्रकार परिवार में किसी के बीमार होने पर हम चिंतित होते हैं उसी प्रकार प्रकृति के दूषित होने पर भी हमें चिंता होनी चाहिए और उसके निराकरण के लिए हमें प्रयास करने चाहिए। सामूहिक प्रयास से ही हम इस कार्य को कर सकते हैं।विश्व जल दिवस पर जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आपने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य जल के महत्व को समझाना और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दिन जलवायु परिवर्तन, जल संकट और जल प्रदूषण जैसी वैश्विक समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है। जल जीवन के लिए आवश्यक संसाधन है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। विश्व जल दिवस हमें जल के महत्व को समझने और इसके विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य द्वारा जल संरक्षण हेतु परिषद द्वारा किए गए प्रयासों पर चर्चा की। अमिताभ श्रीवास्तव संभाग समन्वयक द्वारा दैनिक जीवन में जल को बचाने हेतु आवश्यक उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com